

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in

Web: www.tarunchhattisgarh.in facebook.TarunChhattisgarh

phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 23 मार्च 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-05 ■ वर्ष -41 ■ अंक-349 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## पांचवीं बार पकड़ी गई अफीम की खेती

### घटगांव में सब्जी बाड़ी के बीच मिली फसल

**रायगढ़,23 मार्च।** छत्तीसगढ़ में अफीम की अवैध खेती मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। तमनार के बाद अब जिले के लैलूंगा क्षेत्र के घटगांव में अफीम की खेती पकड़ी गई है। जानकारी सामने आने के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। 17 दिनों के भीतर प्रदेश में अफीम की अवैध खेती मिलने का यह पांचवां और बीते दो दिनों के भीतर जिले में दूसरा मामला है। बता दें कि लैलूंगा थाना क्षेत्र के घटगांव गांव में सब्जियों की बाड़ी के बीच छिपाकर अफीम उगाई जा रही थी। लैलूंगा से पहले तमनार ब्लॉक के आमाघाट क्षेत्र में भी अफीम की खेती का मामला सामने आया था। जानकारी के अनुसार, झारखंड का रहने वाला मार्शल सांगा पिछले 10–12 सालों से यहां खेती कर रहा था। उसने आमाघाट के एक किसान से तरबूज और ककड़ी उगाने के लिए खेत लिया था, लेकिन उसकी देखरेख में अफीम की खेती शुरू हुई। मार्शल सांगा झारखंड में अपने साथी के साथ पहले से अफीम की खेती करता आ रहा था और उसी मॉडल को रायगढ़ में अपनाया। रायगढ़ जिले में अवैध अफीम की खेती के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। तमनार के बाद अब लैलूंगा थाना क्षेत्र के घटगांव में अफीम की खेती का खुलासा हुआ है। गांव में सब्जियों की बाड़ी के बीच छिपाकर अफीम उगाई जा रही थी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है।

**राज्य में पिछले 15 से 17 दिनों में अफीम की खेती पकड़ाने के मामले लगातार सामने आए हैं। इसके विवरण इस प्रकार हैं:**

7 मार्चः दुर्ग के समोदा में भाजपा नेता विनायक ताम्रकर के खेत से 7.88 करोड़ की अफीम जब्त की गई।

10 मार्चः बलरामपुर के कुसमी में 3.67 एकड़ में अफीम की खेती, 7 आरोपी गिरफ्तार।

12 मार्चः बलरामपुर के कोरंधा में ढाई एकड़ में अफीम की फसल, तीन किसानों की जमीन शामिल।


20 मार्चः रायगढ़ के तमनार ब्लॉक के आमाघाट में डेढ़ एकड़ में अफीम की खेती।

अब रायगढ़ के लैलूंगा में पकड़ाया गया यह मामला प्रदेश में पांचवां हालिया अफीम का मामला बन गया है। अधिकारियों का कहना है कि अफीम की खेती पर कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि इस आपराधिक गतिविधि को रोका जा सके। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी, और जिन लोगों पर प्रशासनिक या राजनीतिक संरक्षण का शक है उनके खिलाफ भी कदम उठाए जाएंगे।



## सिलेंडर में रसोई गैस की मात्रा घटाने पर विचार

### केवल 10 किलो गैस दे सकती हैं कंपनियां



**मुंबई,23 मार्च।** ईरान वॉर के चलते घरेलू मार्केट में एलपीजी की किल्लत देखने को मिल रही है। एलपीजी के संकट से निपटने के लिए सरकारी तेल कंपनियां एक मास्टर प्लान पर विचार कर रही हैं। सरकारी कंपनियां घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर में केवल 10 किलोग्राम एलपीजी की सप्लाई करने पर विचार कर रही हैं। इंडस्ट्री एग्जिक्यूटिव्स के मुताबिक, ईरान वॉर के बीच घरेलू इनवेंटरी में कमी और इंपोर्ट में गिरावट आई है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है।

एक एग्जिक्यूटिव ने बताया कि इस कदम का मकसद यथासंभव ज्यादा से ज्यादा घरों में गैस की सप्लाई बनाए रखते हुए एलपीजी को संरक्षित रखना है। कंपनियों के अनुमान के मुताबिक, 14.2 किलोग्राम वाला एक स्टैंडर्ड एलपीजी सिलेंडर औसतन घरों में 35-40 दिन तक चलता है। ऐसे में अगर सिलेंडर में 10 किलोग्राम गैस भरी जाती है तो यह एक घर में आसानी से करीब एक महीने चल सकता है। इससे उपलब्ध वॉल्यूम संकट के दौरान ज्यादा व्यापक रूप से साझा किया जा सकता है। एग्जिक्यूटिव्स ने बताया कि सरकारी तेल कंपनियां अगर इस प्लान को अमल में लाती हैं तो एलपीजी सिलेंडर्स में नया स्टीकर लगा होगा, जिसमें सिलेंडर में भरी कम गैस के साथ उसी अनुपात में कीमत कटौती का जिक्र होगा। बॉटलिंग प्लांट्स को नाप-तौल से जुड़े अपने सिस्टम को रिकैलिब्रेट करना होगा। साथ ही, कुछ रेगुलेटरी मंजूरियों की भी जरूरत होगी। सरकारी तेल कंपनियों को फिक्र है कि एलपीजी की मात्रा में अचानक कटौती से कंफ्यूजन, विरोध और राजनीतिक प्रतिक्रिया हो सकता है, क्योंकि कई राज्यों में चुनाव करीब हैं।

हालांकि, एग्जिक्यूटिव्स ने चेताया है कि अगले महीने सप्लाई कंडीशंस खराब हो सकती हैं, जिससे विकल्प सीमित रह जाएंगे। एलपीजी की उपलब्धता सीमित हो रही है। कोई भी नया शिपमेंट्स खाड़ी देशों से भारत के रास्ते में नहीं है। केवल 2 करियर्स कंबाइंड 92,700 टन ला रहे हैं। भारत का रोजाना का एलपीजी यूज 93,500 टन का है, जिसका 86% या 80,400 टन घरों में इस्तेमाल होता है।

### एलपीजी टैंकर जहाज 'जग वसंत' और 'पाइन गैस' को भी ईरान की हरी झंडी!

तेहरान,23 मार्च। पश्चिमी एशिया में बढ़ती अस्थिरता के बीच, भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी वाहक जहाज, जग वसंत और पाइन गैस, अत्यंत संवेदनशील होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की तैयारी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों जहाज फारस की खाड़ी से भारत की ओर आ रहे हैं और वर्तमान में लारक केशम चैनल की ओर बढ़ रहे हैं। जलडमरूमध्य पार करने के बाद, ये जहाज अपने एलपीजी माल के साथ भारतीय बंदरगाहों की ओर प्रस्थान करेंगे। गौरतलब है कि 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र में समुद्री आवागमन बुरी तरह से बाधित हो गया था, जिससे ईरान और ओमान के बीच सैकड़ों जहाज फंसे रह गए थे। भारत के राजनयिक प्रयासों के बाद, दो भारतीय जहाज, शिवालिक और नंदा देवी, पिछले सप्ताह सुरक्षित रूप से मार्ग पार करके गुजरात पहुंचने में सफल रहे। इससे पहले 20 मार्च को, सरकार ने कहा कि भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा की रक्षा करने और खाड़ी में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ सहयोग तेज कर दिया है।

### रोपवे संचालक कंपनी और दो कर्मचारियों पर एफआईआर

**महासमुंद,23 मार्च।** खल्लारी रोपवे हादसे के बाद सख्त हुए जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार रोपवे संचालक कंपनी रोपवे एवं रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता, स्थानीय कर्मचारी बीरबल जंघेल और रामेश्वर यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है. वहीं घायल 16 में से आठ को उपचार के बाद स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है. पुलिस ने रोपवे संचालक कंपनी रोपवे एवं रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता तथा स्थानीय कर्मचारी बीरबल जंघेल एवं रामेश्वर यादव के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 173 के अंतर्गत सेक्शन 289 एवं 125 (ए) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. यह एफआईआर लापरवाही के आरोपों को ध्यान में रखकर की गई है. यह एफआईआर खल्लारी देवी ट्रस्ट, खल्लारी द्वारा दर्ज करवाई गई है. प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है. जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### असम एयरफोर्स स्टेशन से जासूस गिरफ्तार

**जयपुर,23 मार्च।** राजस्थान इंटेलिजेंस ने वायुसेना स्टेशन पर तैनात सुमित कुमार को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है. वह असम के छाबुआ में एमटीएस के पद पर तैनात था. जांच में सामने आया कि वह 2023 से पाकिस्तानी एजेंसियों के संपर्क में था और पैसों के बदले संवेदनशील जानकारी भेज रहा था. उसने लड़ाकू विमानों, मिसाइल सिस्टम और कर्मियों से जुड़ी जानकारी साझा की. आरोपी के खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता कानून और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आगे जांच की जा रही है. इंटेलिजेंस ने असम के एयर फोर्स स्टेशन चाबुआ से एक सिविलियन कर्मचारी को पकड़ा है जो संवेदनशील जानकारियों को पाकिस्तानी हैंडलर तक पहुंचा रहा था। राजस्थान इंटेलिजेंस ने भारत में एक्टिव एक बड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए असम के एयर फोर्स स्टेशन चाबुआ से एक सिविलियन कर्मचारी को जासूसी करने के आरोप में अरेस्ट किया है। ये आरोपी देश की वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारियों को पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेज रहा था।

### बाबरी मस्जिद पक्षकार अंसारी हुए मोदी के मुरीद

**लखनऊ,23 मार्च।** राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में पूर्व याचिकाकर्ता इकबाल अंसारी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले राष्ट्राध्यक्ष बनने पर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास रखता है। एएनआई से बात करते हुए अंसारी ने कहा कि आज हमारे प्रधानमंत्री को देश और विदेश दोनों जगह इतना सम्मान प्राप्त है कि पूरा देश अटूट आस्था के साथ उनकी ओर देखता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को किसी भी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ा है। वे इतने लंबे समय तक सेवा करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं।

रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने 8,931 दिन का कार्यकाल पूरा किया, जिससे उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह उपलब्धि मोदी के दीर्घकालिक नेतृत्व और निरंतर जनसेवा को दर्शाती है।

## छट्ठी से लौट रही महिलाओं से भरी पिकअप पलटी,2 की मौत

**बंसोड़,23 मार्च।** बालोद. छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में रविवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया. छट्ठी कार्यक्रम में वापस लौट रहे ग्रामीण महिलाओं से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी गई. दर्दनाक हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि ड्राइवर, 2 मासूम समेत 18 महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हुई हैं. घायलों को प्रथमिकता उपचार के बाद हायर सेंटर राजनांदगांव रेफर किया गया है. घटना मनचुवा थाना क्षेत्र के भंवरमरा गांव की है. जानकारी के अनुसार, गोटाटोला थाना क्षेत्र के पददेटोला गांव से पिकअप में सवार होकर खड़बत्तर गांव छट्ठी (नामकरण) कार्यक्रम में शामिल होने महिलाएं बच्चे आये हुए कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद वापस अपने गांव पददेटोला लौट रहे थे. इसी दरमियान अनियंत्रित होकर पिकअप मंचुआ थाना इलाके के भवरमरा के पास पलट गई.



घटना इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर एक महिला मानबाई पति बिदराम उम्र 65 वर्ष ने दम तोड़ दिया. वहीं दूसरी महिला नन्दनी बाई कड़ियाम उम्र 40 वर्ष ने हॉस्पिटल पहुंचने पर दम तोड़ा. वहीं पिकअप में सवार कुल 20 लोगों में 2 की मौत हो गई. तो दो मासूम बच्चों समेत 18 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिसमें ड्राइवर भी शामिल है. घटना के बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य के केंद्र डौंडीलोहारा लाया गया. जहां घायलों का इलाज जारी है, जिनकी हालत नाजुक है. उनको हायर सेंटर रेफर, राजनांदगांव रेफर किया गया. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

## यूएपीए कानून के 'दुरुपयोग' के बढ़ते मामलों पर भड़के जज

**बेंगलुरु,23 मार्च।** यहां आयोजित उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए न्यायाधीश भुइयां ने स्पष्ट कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र का निर्माण केवल आर्थिक प्रगति से नहीं होता, बल्कि सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती से होता है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश उज्जल भुइयां ने विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि यदि भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो इसके लिए समाज और शासन व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक हैं। खासतौर पर विचारों की स्वतंत्रता, असहमति का सम्मान और सामाजिक समानता इस दिशा में मूल आधार बनने चाहिए। उन्होंने गैर कानूनी गतिविधियां निवारण कानून यानि यूएपीए के तहत हो रही गिरफ्तारियों पर भी चिंता व्यक्त की। आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से 2023 के बीच हजारों लोगों को इस कानून के तहत गिरफ्तार किया गया, लेकिन दोष सिद्ध होने की दर लगभग पांच प्रतिशत ही रही। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ यह है कि अधिकांश मामलों में या तो पर्याप्त साक्ष्य नहीं थे या फिर गिरफ्तारी जल्दबाजी में की गई। उन्होंने कहा कि यदि 95 प्रतिशत मामलों में आरोपी बरी हो रहे हैं, तो यह कानून के अधिक उपयोग या दुरुपयोग की ओर संकेत करता है। न्यायाधीश भुइयां ने यह भी कहा कि बिना आरोप पत्र दाखिल किए लंबे समय तक किसी व्यक्ति को जेल में रखना न्याय के मूल सिद्धांत के विपरीत है।



## आम तोड़ने पर नाबालिग के साथ बेरहमी

### कलेक्टर और एसपी को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने मंत्री के निर्देश

**बलौदा बाजार,23 मार्च।** जिले में एक मासूम बालक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अंबुजा अडानी सीमेंट कंपनी में कार्यरत सुरक्षा गार्ड बच्चे को उठाकर जमीन पर पटकते हुए दिख रहा है। घटना के बाद पीड़ित बालक के परिजन कोतवाली थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई है। वहीं मामला संज्ञान में आने के बाद राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कलेक्टर और एसपी को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिया है। परिजनों के अनुसार, घटना शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे की है। पीड़ित के बड़े भाई कार्तिक साहू ने बताया कि उनका छोटा भाई आम तोड़ रहा था, तभी कंपनी के गार्ड ने उसे पकड़कर बेरहमी से जमीन पर पटक दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद उन्हें शिकायत दर्ज नहीं कराने की धमकी दी गई, जिससे परिवार डरा हुआ था। हालांकि, बाद में उन्होंने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना में घायल बालक की



हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने मामले में प्राथमिक सूचना दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कलेक्टर और एसपी को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही, पीड़ित बालक के समुचित इलाज और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टरों को भी निर्देशित किया गया है।

### दूल्हा-दुल्हन सवार कार में लगी आग

**बेमेतरा,23 मार्च।** आज सुबह ग्राम बंधवा पुलिया के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बेमेतरा से विवाह कर लौट रही बारातियों की कार अचानक आग की लपटों में घिर गई। कार में सवार दूल्हा-दुल्हन समेत सभी परिजन मौके से कूदकर किसी तरह जान बचाने में सफल रहे। हादसा बड़ा रूप ले सकता था, लेकिन उनकी तत्परता से बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना लगभग सुबह 8 बजे की है। जानकारी के अनुसार मोहतरा के लोग विवाह उपरांत विदाई के बाद बोधापारा मुख्य मार्ग से गुजर रहे थे। सफर के बीच अचानक कार से धुआं उठने लगा और कुछ ही पल में आग ने भीषण रूप ले लिया। चालक ने तुरंत गाड़ी रोककर सभी को बाहर निकलने का इशारा किया, जिससे सभी सुरक्षित बाहर आ गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत लालपुर थाना प्रभारी सुंदरलाल गोरले को घटना की सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दमकल को बुलाकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। जब तक आग बुझाई जाती, कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।

## छत्तीसगढ़ में अफीम की खेती पर छिड़ी सियासत

- **भूपेश बघेल बोले- सुशासन के अफ़ीम स्टार्टअप की नई ब्रांच अब लैलूंगा में**
- **प्रशासनिक और राजनीतिक संरक्षण की भी होनी चाहिए जांच : अजय**

रायपुर,23 मार्च। छत्तीसगढ़ में अफीम की अवैध खेती को लेकर सियासी विवाद तेज हो गया है। लगातार अफीम की खेती के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला रायगढ़ के लैलूंगा ब्लॉक से आया है, जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर बीजेपी पर कटाक्ष किया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि बघेल की राजनीति हमेशा चर्चा में बने रहने की रही है। अफीम जैसी अवैध गतिविधियों पर केवल बयानबाजी से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक और राजनीतिक संरक्षण की जांच कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। बता दें कि रायगढ़ जिले के लैलूंगा ब्लॉक, नवीन घट गांव में तीन अलग-अलग खेतों में अफीम की अवैध खेती मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कटाक्ष किया। उन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "'सुशासन' के 'अफ़ीम स्टार्टअप' की नई ब्रांच अब लैलूंगा में पाई गई है।" साथ ही बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, "'सुशासन अफ़ीम' – लैलूंगा ब्रांच।" बघेल ने तंज कसते हुए लिखा कि अब ऐसा लग रहा है कि बीजेपी को अपना चुनाव निशान "कमल के फूल" की जगह "अफ़ीम का फूल" कर लेना चाहिए। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता और विधायक अजय चंद्राकर ने लैलूंगा ब्लॉक में अफीम की खेती मिलने को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गंभीर और चिंतनीय विषय है। गिरोह केवल आपराधिक लाभ कमाने में लगे हुए हैं, और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई और नियमों के अनुसार कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक और राजनीतिक संरक्षण की भी जांच होनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि बघेल की राजनीति हमेशा चर्चा में बने रहने की रही है। उन्होंने कहा, "चर्चा में बने रहने के लिए भूपेश बघेल किसी भी तरह का बयान दे सकते हैं। उनके बयान पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए। तथ्यों की जांच और चिन्हांकन कर ही कार्रवाई होनी चाहिए।"

## महानदी से केलो तक अब होगा नदियों का कायाकल्प: बृजमोहन अग्रवाल

**नई दिल्ली/रायपुर,23 मार्च।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में प्रमुख नदियों के कायाकल्प के लिए अपनी चल रही रणनीति और रूपरेखा का विस्तृत विवरण दिया है। छत्तीसगढ़ के सांसद द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए, सरकार ने महानदी, शिवनाथ, खारून, अर्पा, हसदेव और केलो नदियों में गंभीर प्रदूषण से निपटने के लिए उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा की गई यह पूछताछ, खारून जैसी नदियों में प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए कायाकल्प परियोजनाओं में देरी को रोकने की तत्काल आवश्यकता पर केंद्रित थी । उन्होंने मल-जल के निर्वहन को रोकने, उपचारित जल के लिए राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के मानकों को लागू करने और नदी के तटों पर स्थित गैर-अनुपालक (नियमों का पालन न करने वाली) औद्योगिक इकाइयों पर कार्रवाई करने के सरकारी उपायों पर भी सवाल उठाए । बृजमोहन अग्रवाल ने कहाः "महानदी से लेकर खारून तक हमारी नदियां छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा हैं। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि कायाकल्प की रूपरेखाओं को लागू करने में बिल्कुल भी देरी न हो। हालांकि नए एसटीपी का निर्माण होना महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा के लिए अर्पा, हसदेव और केलो नदियों में निर्वहन करने वाले सभी औद्योगिक और नगरपालिका निकायों से एनजीटी दिशानिर्देशों के पूर्ण और वास्तविक समय के दिशानिर्देशों के पूर्ण और वास्तविक समय के अनुपालन करना होगा, क्यूंकि हमें यह धरती अपने पूर्वजों से विरासत में नहीं मिली है; बल्कि हमने इसे अपने बच्चों से उधार लिया है।"



**मल-जल शोधन और बुनियादी ढांचे के अपडेट**-नदियों में मल-जल के निर्वहन को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए, सरकार शोधन के बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रही हैः

## मा विंध्यवासिनी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**कवर्धा, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुबह सुबह माँ विंध्यवासिनी मंदिर में श्रद्धालुओं ने नारियल, फल , मिठाई चढ़ाकर अगरबत्ती एवं दीया जलाकर मा विंध्यवासिनी की पूजा की। कालेज छात्राओं, महिलाओं, बुजुर्गों की ज्यादा भीड़ दिख रही है। आसपास के गांवों से श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर पूजा कर रहे है। पुजारी जीवन शर्मा ने बताया की 3701 ज्योति कलश प्रज्जवलित है।

# वृद्धाश्रम में मनाई ईद की खुशियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 मार्च।** भिलाई में ईद-उल-फित्र के अवसर पर सेवानिवृत्त भिलाई स्टील प्लांट कर्मी हाजी शेख अब्दुल रहमान ने सेक्टर-2 स्थित आस्था बहुउद्देशीय संस्थान के वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ खुशियां साझा कीं। सेक्टर-1 निवासी रहमान अपने परिवार के साथ वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने सभी वृद्ध एवं निराश्रित जनों को भोजन कराया और उनके साथ समय बिताया। इस दौरान बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में आस्था परिवार की ओर से हाजी शेख अब्दुल रहमान एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

## एक नजर



**कवर्धा, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू ने गृह ग्राम कापा में शीतला मंदिर में पूजा की।

### बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस में 12 किन्नर गिरफ्तार



**भिलाई, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा 22 मार्च को ट्रेन संख्या 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस में कार्रवाई करते हुए 12 किन्नरों को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार, उक्त सभी किन्नर रायपुर से दुर्ग की ओर यात्रा कर रहे थे। आरपीएफटीम ने जांच के दौरान उन्हें हिरासत में लिया और उनके खिलाफआवश्यक कानूनी कार्यवाही की गई। आरपीएफअधिकारियों के मुताबिक, रेलवे में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई।

### स्व. भगवती प्रसाद चंद्राकर की स्मृति में प्याऊ का शुभारंभ



**भिलाई, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चैत्र शुक्ल चतुर्थी के अवसर पर चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज, भिलाई नगर द्वारा डीपीएस रिसाली चौक में स्व. भगवती प्रसाद चंद्राकर की स्मृति में प्याऊ पेयजल व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी चंद्रलता चंद्राकर एवं सुपुत्र प्रखर चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिनमें उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर, सचिव मोरध्वज चंद्राकर, कोषाध्यक्ष मदन चंद्राकर, संगठन सचिव राजेंद्र चंद्राकर, महिला अध्यक्ष सरिता मुरारी चंद्राकर, युवाध्यक्ष छगन चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ कुर्मी समाज के अध्यक्ष संतोष पाटनवार, महासचिव पवन चंद्राकर, महिला अध्यक्ष अनिता वर्मा, युवा कुर्मी मित्र मंडल के अध्यक्ष अजय चंद्राकर एवं कुर्मी सेवा समिति के महासचिव राजेश कौशिक सहित अनेक समाजजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

### किराए के मकान में डेढ़ माह से चल रहा था करोड़ों का ऑनलाईन सट्टा, पुलिस ने मारा छापा

# सात आरोपी गिरफ्तार, नकदी सहित मोबाइल, पासबुक व एटीएम जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 मार्च।** एक किराए के मकान में पिछले डेढ़ माह से करोड़ों रुपए के ऑनलाइन सट्टा के अवैध कारोबार का पुलिस ने खुलासा कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच प्रतिदिन में 3 लाख से 7 लाख तक के लेन-देन एवं करोड़ों रुपये के अवैध कारोबार का संचालन होना पाया गया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख नगद, 7 बैंक पासबुक, 16 मोबाइल, 15 एटीएम कार्ड, 1 लैपटॉप, वाई फाई उपकरण, लेन-देन संबंधी रजिस्टर, 1 पासपोर्ट जब्त की है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर ने बताया कि जामुल थाना के क्षेत्र नालंदा स्कूल के पीछे सुंदर विहार कॉलोनी फेस-2 स्थित एक किराए के मकान में संगठित ऑनलाइन सट्टा गिरोह के संचालन की सूचना मिली सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां आरोपियों को ऑनलाइन सट्टा संचालन करते हुए पकड़ा गया।

जांच में पाया गया कि आरोपियों ने ड्रैगन टाइगर, अंदर-बाहर, तीन पत्ती, टेनिस, फुटबॉल एवं रूलेट जैसे खेलों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा था ग्राहकों को इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सएप के माध्यम से जोड़कर आईडी उपलब्ध कराई जाती थी तथा मोबाइल एवं लैपटॉप इन आरोपियों को पुलिस ने किया है गिरफ्तार पोषण निषाद (26) निवासी अंजोरा, योगेश कुमार विश्वकर्मा (22) निवासी जलेबी चैक, थाना छावनी, गौरव तिवारी (26) निवासी कबीर नगर रायपुर, संजय कुमार जायसवाल (26) निवासी कैम्प-1 जलेबी चौक, चुनेश निषाद (20) निवासी श्याम नगर, थाना छावनी, विक्रम सिंह उर्फ विक्की (30) निवासी न्यू बसंत टॉकीज के पास थाना छावनी व उदल हमणे (19) निवासी न्यू बसंत टॉकीज के पास थाना छावनी है के माध्यम से सट्टा खिलाया जाता था गिरोह ने विभिन्न सिम कार्ड एवं म्यूल बैंक खातों के माध्यम से अवैध लेन-देन को छिपाने का प्रयास किया जाता था गिरोह में कार्यों का स्पष्ट विभाजन था तथा तकनीकी रूप से बाहरी व्यक्तियों द्वारा भी संचालन नियंत्रित किया जाता था प्रकरण में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है सोशल मीडिया के जरिए गेमिंग एप का संचालन पुलिस अधिकारी ने आगे बताया सभी आरोपी ड्रैगन टाइगर, अंदर-बाहर, तीन पत्ती, टेनिस, फुटबॉल और रूलेट जैसे खेलों को इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा का गेम संचालित कर रहे थे इसके लिए बाकायदा आईडी भी उपलब्ध भी करते थे मोबाइल और लैपटॉप के माध्यम से सट्टा खिलाया जाता था अलग अलग कंपनियों के सिम कार्ड और म्यूल बैंक खातों के माध्यम से अवैध लेनदेन होता था छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी सुन्दर विहार के फेस 2 के किराए के मकान में ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है सूचना के आधार पर पुलिस ने रेड डाली मौके से 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### जमीन मामले में धोखाधड़ी आरोपी पर अपराध दर्ज

**भिलाई 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई बोरी थाना अंतर्गत लिटिया-सेमरिया में कृषि भूमि बेचने के नाम पर आरोपी ने युवक से जमीन का पैसा लेकर उसके नाम पॉवर ऑफअटर्नी कर दी। जब वह पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कराने पहुंचा तो पता चला कि उसने पहले ही किसी दूसरे पावर ऑफअटर्नी देकर जमीन बेच दी। पुलिस ने आरोपी दीपक देशलहरे के खिलाफधारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है पुलिस ने बताया कि सुंदर विहार कॉलोनी, कुरुद निवासी दीपक मदान (40 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 सितंबर 2024 को उसने ग्राम अरसी निवासी दीपक देशलहरे पिता राम गोपाल देशलहरे से उसकी 0.32 हेक्टेयर कृषि भूमि का सौदा 3 लाख रुपए में तय किया इस के एवज में उसने 50 हजार रुपए आनलाइन एक लाख रूपये नगद एवं डेढ़ लाख रुपए चेक के माध्यम से दिए इसके बाद दीपक देशलहरे ने जमीन के कागजों में त्रुटि का हवाला देकर रजिस्ट्री बाद में कराने के लिए कहा उसे दिलासा देने के लिए पॉवर ऑफअटर्नी उसके नाम कर दी काफी समय बाद बाद जब उसने रजिस्ट्री नहीं कराई तो वह खुद रजिस्ट्री करवाने गया। तब पता चला कि दीपक देशलहरे अन्य के नाम पर पावर देकर जमीन की रजिस्ट्री करवा दी।

# भिलाई बचाओ आंदोलन, विधायक देवेंद्र ने ने निकाली मौन पदयात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 मार्च।** भिलाई बचाओ आंदोलन के दूसरे चरण के तहत सोमवार को सैकड़ों परिवार सड़क पर उतरे और भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन के निर्णयों के खिलाफ विरोध जताया। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में सिविक सेंटर पार्किंग से सेक्टर-5 चौक तक लगभग 1000 कदम की मौन पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी, लीजधारक, सिविक सेंटर के व्यापारी, रिटेंशनधारी परिवारों के सदस्य और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने इस पदयात्रा में भाग लेकर प्रबंधन के फैसलों का विरोध किया।

ज्ञात हो कि 24 दिसंबर 2025 को बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों के साथ हुई चर्चा में जनहित से जुड़े मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई थी। इसके बाद आंदोलनकारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगें रखीं। इस दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने बीएसपी प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 30 दिनों के भीतर जनहित में निर्णय नहीं लिया गया, तो इस्पात भवन का घेराव किया जाएगा।पदयात्रा में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आर एन वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# विवेचना की गुणवत्ता को लगातार सुदृढ़ किया जाए : विजय अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 23 मार्च।** डीआईजी विजय अग्रवाल द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण और विधिसम्मत विवेचना सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक विवेचक द्वारा जब्ती, सैंपलिंग, चेन ऑफ कस्टडी और विधिक प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया जाए तथा प्रशिक्षण के माध्यम से विवेचना की गुणवत्ता को लगातार सुदृढ़ किया जाए। साथ ही न्यायालयीन अपेक्षाओं के अनुरूप साक्ष्य संकलन कर प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए पुलिस लाईन, दुर्ग स्थित दधीचि प्रशिक्षण हाल में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की विवेचना को अधिक प्रभावी, विधिसम्मत एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एएसआई से लेकर निरीक्षक स्तर तक कुल 65 विवेचकों को आमंत्रित कर उन्हें एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप विवेचना की प्रक्रिया से अवगत कराया गया प्रशिक्षण के दौरान प्रकरणों की विवेचना में प्रारंभिक कार्रवाई से लेकर अंतिम चालान प्रस्तुत करने तक की संपूर्ण प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया प्रशिक्षण में एजीपी प्रकाश शर्मा ने एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में केस स्टडी के माध्यम से विवेचना की गुणवत्ता सुधारने, विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं जांच के प्रत्येक चरण में सावधानी बरतने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया तकनीकी त्रुटियों से बचने कानूनी बिंदुओं की दी जानकारी वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कसार ने एनडीपीएस एक्ट प्रकरणों में सूक्ष्म साक्ष्यों के महत्व, दस्तावेजी साक्ष्य की शुद्धता तथा व्यायालय में साक्ष्य की स्वीकार्यता सुनिश्चित करने के लिए विवेचना के दौरान स्पष्ट और संपूर्ण विवरण लेखबद्ध करने पर जोर दिया वरिष्ठ अधिवक्ता केके द्विवेदी ने विवेचकों को न्यायालयीन अपेक्षाओं के अनुरूप विवेचना करने, तकनीकी त्रुटियों से बचने एवं प्रकरणों को मजबूत बनाने आवश्यक कानूनी बिदुओं की जानकारी दी वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एफएसएल मिलाई पंकज ताम्रकार द्वारा सैंपलिंग प्रक्रिया, घटनास्थल पर त्रुटिरहित दस्तावेज तैयार करने, ओवरराइटिंग से बचने तथा जब्तशुदा मादक पदार्थ को शीघ एफएसएल परीक्षण हेतु भेजने के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणिशंकर चन्दा ने नशीली टेबलेट व कैप्सूल प्रकरणों में विवेचना की संपूर्ण प्रक्रिया, जब्त माल की सुरक्षित अभिरक्षा, चेन ऑफ कस्टडी के संधारण, धारा 50, 55 और 57 एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के पालन तथा धारा 29 के अंतर्गत सह-अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया।

### अवैध वेंडरों पर दुर्ग आरपीएफ ने की कार्रवाई, लगाया जुर्माना



**दुर्ग, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्ग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने व अवैध वेंडिरों पर अंकुश लगाने रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफपुलिस ने विशेष अभियान चलाया इस दौरान 15 अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 50 हजार रुपये मूल्य की खाद्य सामग्री जब्त की गई। इस में 2940 पानी की बोतल भी शामिल है आरपीएफ मुख्यालय के निर्देश पर दुर्ग स्टेशन में आरपीएफ प्रभारी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में प्लेटफार्म स्थित स्टालों के बाहर अवैध रूप से रखी गई सामग्री पाई गई इस से यात्रियों को स्टाल से सामान लेने और प्लेटफार्म पर आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के दौरान 2940 पानी की बोतलें, 96 फ्रूटी, 91 चिप्स पैकेट, 11 केक पैकेट तथा केला, अंगूर और खीरे के कैरेट जब्त किए गए सभी जब्त सामग्री को आगे की कार्रवाई के लिए पार्सल कार्यालय दुर्ग को सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले वाणिज्य विभाग द्वारा को लगातार दो दिन तक दुर्ग स्टेशन पर विशेष अभियान चलाया गया था। सभी ट्रेनों की जांच की गई विशेष रूप से रात की ट्रेनों की जांच की गई इस दौरान पकड़ में आए 10 अनधिकृत विक्रेताओं को आरपीएफ को सौंप दिया गया और उन पर धारा 144 और 147 के तहत मामला दर्ज किया गया दुर्ग स्टेशन के प्लेटफार्म पर 547 किलो फलों को जब्त किया गया क्योंकि यह सामान बिना पार्सल की अनुमति के रखा था 88 वेंडरों को नया पहचान पत्र नहीं दुर्ग रेलवे स्टेशन पर रेलवे यात्रियों की सुविधा सुरक्षा को लेकर गंभीर चूक सामने आई है दुर्ग आरपीएफ कार्रवाई के दौरान पाया कि 88 वेंडरों के पहचान पत्र की अवधि समाप्त होने के बावजूद नए कार्ड जारी नहीं किए गए आरपीएफ ने इसकी वजह से अवैध वेंडिंग को बढ़ावा की आशंका जताई।

# धनोरा में अंतरराष्ट्रीय सुफी गायक सुरेश ठाकुर का कार्यक्रम हुआ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 23 मार्च।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में रविवार रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक डां सुरेश ठाकुर अंतरराष्ट्रीय सुफी भजन गायक बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में अपने मंडली के साथ भजन कीर्तन प्रस्तुति दी भजन सुनकर सभी भक्तों ने भाव विभोर होगया सोमवार को दरबार में पंचमी कलश चढ़ हावा का कार्यक्रम किया गया दरबार के नंद पंडा भोलू साहू मनोज पटेल के द्वारा लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि मंगलवार को रात्रि 8 बजे से सैलेन्दीरी पटेल सेवा भजन मंडली सिवनी मोवा रायपुर वाले महिला मंडली अपने कार्यक्रम देगे गुरुवार शाम 4 बजे से महाअष्टमी हवन कार्यक्रम संपन्न एवं शुक्रवार को शाम 4 बजे से ज्योति विसजर्न शोभा यात्रा गली भ्रमण किया जाएगा हर रोज रात्रि 7 बजे से गुलाब साहू एवं हेमंत साहू के मंडली द्वारा माता सेवा भजन संपन होरहा जोत जवारा देखने दुर दुर से लोग सुबह से रात्रि 10 बजे तक आ रहे हैं नवरात्रि में पुरे नौ दिन तक भक्ती भाव में डूबे हुए हैं दरबार के विनोद साहू जी राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा जीवराखन ठेकेदार बाबू लाल साहू ललित साहू रोशन साहू डॉ धनेशवर साहू योगेश साहू गुलाब साहू भोलू खिलेशवर साहू दिनेश साहू मारियल साहू वासुदेव स्प्रे पुर्व उपसरपंच दिनेश यादव रामु यादव ओमकार साहू टीकम गुमान साहू उमेश साहू सुंदर सपरे चन्द्र कांत देवांगन एमलाल देवांगन कल्याण देवांगन सुनील पेटर मुनना गंधर्व आदि भक्त गण बड़ी संख्या में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी।

### सिख पंथ में घर वापसी कार्यक्रम, मानव सेवा के तहत परिवार ने अपनाया सिख धर्म



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 मार्च।** यूथ सिख सेवा समिति द्वारा मानव सेवा माधव सेवा के तहत एक परिवार की सिख पंथ में घर वापसी करवाई गई। यह कार्यक्रम गुरुद्वारा हरगोबिंद साहिब में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, गुरुद्वारा हरगोबिंद साहिब कैंप-2 के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चावला तथा छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के महासचिव गुरनाम सिंह कूका ने किया। कार्यक्रम में स्त्री सत्संग जत्था कैंप-1 एवं कैंप-2 की भी विशेष उपस्थिति रही। जानकारी के अनुसार, संबंधित परिवार ने पूर्व में पारिवारिक परिस्थितियों या प्रलोभन के कारण धर्म परिवर्तन कर लिया था, लेकिन सिख धर्म के सिद्धांतों एवं मानव सेवा से प्रभावित होकर पुनः सिख पंथ को अपनाया। कार्यक्रम के दौरान रागी कमलजीत सिंह द्वारा कीर्तन एवं ग्रंथी सतविंदर सिंह द्वारा अरदास की गई। इसके बाद मुखवाक लिया गया और परिवार को सिरोपाओ भेंट कर सम्मान पूर्वक घर वापसी करवाई गई। समिति के कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, महासचिव जसवंत सिंह सैनी एवं कैंप-2 महासचिव हरपाल सिंह (हैप्पी) ने बताया कि समिति आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखेगी। अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि जिन लोगों ने किसी कारणवश धर्म परिवर्तन किया है, उनकी घर वापसी के लिए प्रयास किए जाएंगे और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में मीत प्रधान गुलविंदर सिंह, अजीत सिंह काले, गुरमीत सिंह (गीता), कुलविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, नेत्रपाल सिंह, वरयाम सिंह, सुनील सिंह मेहरा, निर्मलजीत सिंह, हरनेक सिंह सैनी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### विश्व जल दिवस पर कवर्धा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 23 मार्च।** विश्व जल दिवस पर 22 मार्च को पीजी कॉलेज, कवर्धा (डोम एरिया) में जल जीवन मिशन अंतर्गत एक भव्य जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कबीरधाम ईश्वरी साहू उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में सभापति जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मिलु साहू, कार्यालय सहायक उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन नरेंद्र मानिकपुरी, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कबीरधाम डी.एस. राजपूत, सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद ठाकुर सहित ग्राम पंचायतों के सरपंचगण एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी जनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिसमें जल के सदुपयोग, संरक्षण एवं अपव्यय रोकने हेतु संकल्प लिया गया।तत्पश्चात सभी अतिथियों द्वारा अपने संबोधन में जल के महत्व एवं उसके संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल जीवन का आधार है, अतः प्रत्येक नागरिक को जल संरक्षण को अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी मानते हुए इसके संरक्षण हेतु जागरूक रहना चाहिए।जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू ने ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण में जनभागीदारी को आवश्यक बताते हुए सरपंचों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सभापति जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा साहू ने जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने पर बल दिया।

मंडल अध्यक्ष मिलु साहू ने कहा कि जल बचाने के लिए व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन अत्यंत आवश्यक है। कार्यालय सहायक उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन नरेंद्र मानिकपुरी ने अपने संबोधन में कहा कि शासन स्तर पर जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन को प्राथमिकता दी जा रही है तथा जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के साथ-साथ जल स्रोतों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कबीरधाम डी.एस. राजपूत ने अपने उद्बोधन में जल जीवन मिशन के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल स्रोतों का संरक्षण, पाइपलाइन प्रणाली का सही संचालन एवं जल का संतुलित उपयोग अत्यंत आवश्यक है, जिससे भविष्य में जल संकट से बचा जा सके।

## आरोप लगाने का मौका तो मिला है तो लगाएगी ही

कोई भी विपक्ष में हो वह तो सरकार पर आरोप लगाने का मौका ढूंढता रहता है जैसे ही उसे मौका मिलता है वह आरोप लगाता है और सरकार को सवालों के घेरे में खडा करने का प्रयास करता है।बजट सत्र के दौरान ही दुर्ग,उसके बाद बलरामपुर में अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद विपक्ष को सरकार पर आरोप लगाने का मौका मिला है कि राज्य में अफीम की खेती पहले नहीं होती थी,इसे सच भी माना जा सकता है क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य बने दो दशक से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन अभी जिस तरह अफीम की खेती का खुलासा एक के बाद एक जिले में हुआ है ऐसा पहले तो नहीं हुआ है। एक के बाद एक कई जगह अफीम की खेती का खुलासा होने से यह तो पक्का हो गया है कि राज्य में अफीम की खेती हो रही है और अफीम की खेती करने वाले ज्यादातर लोग बाहरी राज्यों के हैं ऐसे राज्यों के हैं जहां वैध या अवैध रूप से अफीम की खेती हो रही है। अफीम की खेती तो वही लोग कर सकते हैं जिनको पता हो कि अफीम की खेती कैसे होती है। अफीम की खेती मप्र,राजस्थान व झारखंड में होती है, इसलिए वही के लोग छत्तीसगढ़ के सीमा के पास इलाकों मे किसानों से सब्जी,मक्का या अन्य कोई फसल लेने के नाम जमीन यहां के किसानों से लेते हैं और करते अफीम की खेती है। यहां के लोगों को अफीम की पौधों के बारे में जानकारी न होने से वह जान पाए कि अफीम की खेती कैसी होती है।वह यही समझते रहे कि खेती के लिए जमीन ली है तो खेती कर रहा होगा। अफीम की खेती बगैर संरक्षण के नही हो सकती है यह सच है। अभी यह पता नहीं चला है कि अफीम की खेती राज्य में कब से हो रही है लेकिन इसकी खुलासा साय सरकार के समय हुआ है इसलिए कांग्रेस को आरोप लगाने का मौका मिला है राज्य में संरक्षण में अफीम की खेती हो रही है। इसमें भाजपा नेता का नाम सामने से कांग्रेस को खुलकर बोलने का मौका मिला है.। अफीम की खेती कोई सरकार को कराती नहीं इसलिए यह तो माना नहीं जा सकता कि इसके लिए सरकार दोषी है। सरकार पर यह आरोप जरूर लगाया जा सकता है कि कई स्तरों पर खेती की जानकारी जुटाई जाती है इसके बाद भी सरकार को अफीम की खेती की जानकारी कैसे नहीं मिली। यहां साफ है कि इसके लिए वह अधिकारी व कर्मचारी दोषी हैं जिनको फील्ड पर यह जानकारी जुटानी रहती है कि किस क्षेत्र में कौन सी फसल ली जा रही है। लापरवाही अधिकारियों व कर्मचारियों ने की है और राज्य में अफीम की खेती की शुरआत हो गई। इसका खुलासा होने पर विपक्ष को आरोप लगाने का मौका मिला है कि यह भाजपा का नया स्टार्टअप है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य में जिस तरह से अफीम की खेती का खुलासा हो रहा है,वह आश्चर्यजनक है। क्योंकि राज्य में कोई जानता नहीं था कि अफीम की खेती क्या होती और आज एक नही कई जगह अफीम की खेती का खुलासा हो रहा है.एक एकड़ में डेढ़ करोड़ की कमाई हो रही है।यह भाजपा का नया स्टार्टअप है।वही कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सकार से सवाल पूछ रहे हैं कि मंत्रियों के गृहजिले में अफीम की खेती संयोग है या कृषि क्षेत्र में नया प्रयोग है।अफीम की खेती का खुलासा जनता कर रही है तो पुलिस व राजस्व अमला क्या कर रहा है। गिरदावरी के दौरान इसका पता कैसे नहीं चला,वहां दूसरी फसल का जिक्र कैसे हुआ। कांग्रेस अफीम की खेती के मुद्दे को बडा़ मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है,वह इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं इससे कोई भाजपा नेता तो जुडा हुआ नहीं है।अभी तक दुर्ग के अलावा कहीं से भी भाजपा नेता का नाम नहीं आया है। फिर भी कांग्रेस को मौका मिला है तो वह सरकार की छवि जनता के बीच धूमिल करने का प्रयास करेगी क्योंकि इससे उसको राजनीतिक रूप से फायदा होगा। अब तक साय सरकार ने घोटालों में कडी कार्रवाई कर अपनी छबि भ्रष्टाचार विरोधी सरकार की बनाई है। कई तरह के सुधार करके भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास किया है। इससे उसकी छबि शराब घोटाले वाली पिछली सरकार से तो बेहतर मानी जाती है। अफीम के मामले को उछालकर कांग्रेस जनता को यह बताना चाहती है कि साय सरकार हमारी सरकार से अलग नहीं है। गलत काम तो उसके समय में भी हुए है और हो रहे हैं।

### सफलता के मंत्र

# सफल होने की कौशलताएं भारतीयों में कूट-कूट कर भरी है बस अपने आपको पहचानने की जरूरत है,हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

मानवीय जीव इस सृष्टि में अनमोल हीरा है।मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार समाया हुआ है, परंतु हम अपने आप



की शक्ति को पहचानने की कोशिश नहीं करते बल्कि हमेशा दूसरों की ताकझांक करते रहते हैं। हर क्षेत्र में दूसरों से प्रतियोगिता करने पर उतारू हो जाते हैं, कुछ नया करने की नहीं सोचते। अपनी बुद्धि का सकारात्मक उपयोग लेने पर अगर हम उतारू हो गए!तो हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं क्योंकि इतनीं बुद्धि कौशलता हर एक भारतीय में समाई हुई है। बस!जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की परंतु हम अपने ही बढ़ बोलेपन से घिरे रहते हैं, दूसरों की टांग खींचने में हमको मजा आता है। किसी भी नकारात्मक विस्तार वादी बात को समाधान कर समाप्त करना जैसे हमने सीखे ही नहीं? मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूँ क़ि भारत माता की मिट्टी में ही मानवीय गुणों की खान समाई हुई है जिसे हमें चुनकर अपनाना है। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से गुणों की खान के दो हीरे चुप रहना और माफ करना पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मानवीय अनमोल गुण चुप रहने की करें तो, बड़े बुजुर्गों की इस पर दो कहावतें हैं (1) बोलत बोलत बड़े बिखात, पहली कहावत का भावार्थ है, अति बोलने से ही बातें बिगड़ती है झगड़े दंगे फसाद मारपीट हत्याएं तक हो जाती है इसलिए चुप भली,

(2) अति का भला ना बोलना अति की भली न चूप, अति का भला न बरसना अति की भली न धूप, याने दूसरी कहावत का भावार्थ अति चुप रहने को भी नकारा गया है याने अन्याय के खिलाफ चुप रहना हानिकारक है। परंतु हमें इसका निर्णय अपने समाज और राष्ट्र के फायदे को देखकर ही लेना है परंतु मेरा मानना है चुप रहने से कई फायदे हैं और सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। बोलने से पहले हमें याद रखना होगा के (1) बिना तथ्य के ना बोले (2)शब्दों से ठेस ना पहुंचे (3) पवित्र वस्तुओं सेवाओं का अपमान ना करें (4) क्रोध में चुप रहे (5) मुद्दे से संबंध ना होने पर चुप रहें (6) शब्दों से किसी को ठेस ना पहुंचे (7) चिल्लाने से चुप भली (8) अपमान से ना बोलें (9) जरूरत पड़ने पर सकारात्मक बोलें (10) निंदा से बचें।

साथियों बात अगर हम चुप रहकर भी अपनी दिमागी ताकत से जवाब देने की करें तो, चुप रहना और कुछ समय तक खुद को स्थिर रखना हमको एक अच्छा श्रोता और समीक्षक बनाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब हम चुप रहते हैं तो हम बोलने की बजाय अधिक से अधिक सुनते हैं और उसका विश्लेषण कर पाते हैं। इससे हम पूरे तर्क और वितर्कों को जानने के बाद सही फैसला ले पाते हैं। हम सभी पक्षों को सुनते, समझते और डिसिजन ले पाते हैं। चुप रहना हमारे दिमाग को शांत करता है और हमको लॉजिकल समीक्षक बनाता है हमारे चुप रहने से अनेक बार सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है।

साथियों हमारे शरीर का सबसे जटिल हिस्सा दिमाग होता है। ये पूरे शरीर को चलाता है और ये हमारे सभी इमोशंस को कंट्रोल करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने दिमाग को भी व्यायाम करवाएं। जिस तरह शरीर को मजबूत बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम जरूरी है, उसी तरह दिमाग को मजबूत बनाने के लिए उनकी ताकत बढ़ाना जरूरी है। मौन रहना दिमाग के लिए एक व्यायाम जैसा ही है और इससे दिमाग की मांसपेशियां तंदरुस्त रहती हैं।चुप रहने के अपने शारीरिक और मानसिक फायदे भी हैं? विशेषज्ञ मानते हैं कि चुप रहने से व्यक्ति दिमागदार और उत्पादक बनने की और अग्रसर होता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वाध्याय स्वास्थ्य सुधार होने की संभावना बनी रहती है। व्यर्थ का बोलना ऊर्जा को नष्ट करना है, और यह बोलना ही हमें कभी अपने भीतर की ओर लौट ने नहीं देता , क्योंकि यह हमें बाहर की ओर झुकाए रखता है और जिन्हें भीतर की यात्रा करनी है उन्हें अपने मुंह को बंद ही रखना चाहिए। चुप रहने में अद्‌भुत शक्ति है। साथियों बात अगर हम किसी को माफ करने की करें तो, खुद को दुख पहुँचाने या धोखा देने वाले व्यक्ति को माफ करना सबसे कठिन काम है। हालाँकि, यदि हम किसी के साथ अपने संबंधों को सुधारना चाहते हैं, तो उस के लिए हमको माफ करना सीखना भी ज़रूरी है या फिर सीधे तौर पर बीते हुए पलों को भुलाकर, आगे बढ़ने की कोशिश करें। नकारात्मक भावनाओं से निपटना सीखें, हमको दुख पहुँचाने वाले व्यक्ति का सामना करें और अपने जीवन में आगे बढ़ते जाएँ। क्षमा करना पसंद करें, क्योंकि बड़े बुजुर्गों की कहावत भी है क्षमा दान महादान, क्षमा करके भी हम सामने वाले को एक यादगार सजा के रूप में दे सकते हैं। क्षमा की भावना लेकर, हमको नकारात्मकता को अपने से दूर करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए एकदम सचेत और सक्रिय निर्णय करने की ज़रूरत है। यह भावना आसानी से नहीं पनपती। खुद के अंदर क्षमा की भावना उत्पन्न करने के लिए हमको ही इस दिशा में कार्य करने की ज़रूरत है।

साथियों लोग अक्सर इस तरह की बातें करते हैं, कि वे उस इंसान को नहीं भुला सकते, जिसने उन के साथ कुछ ग़लत किया है। वे ऐसा मानते हैं, कि अपने अंदर मौजूद दर्द और धोखा मिलने की भावना को भूलना उन के लिए असंभव है। लेकिन लोग इस बात को महसूस करने में नाकाम रह जाते हैं, कि क्षमा करना भले ही हमारी पसंद है, लेकिन अगर हम उस व्यक्ति को क्षमा करने का निर्णय लेते हैं, जिसने हमको कष्ट दिया हैं, तो यदि इस निर्णय से किसी को लाभ होता है, तो वो सिर्फ़ हम हैं और सामने वाले को हमेशा के लिए उस माफी के रूप में एक सजा और हमारा बड़प्पन। जीवन में माफी मांगने की कला बहुत लोगों को बहुत अच्छे से आती है तो वहीं कुछ लोगों को माफी मांगना उतना ही कठिन लगता है. दरअसल माफी मांगना या फिर किसी को क्षमा करना उतना भी सीधी-सादी बात नहीं है, लेकिन ऐसा करने के बाद व्यक्ति बड़ा सुकून मिलता है. हमारे यहां क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है. जिससे व्यक्ति के जीवन में अहंकार दूर होता है और वह स्वस्थ मन से जीवन जीता है इसलिए भूल करना मनुष्य का स्वभाव है लेकिन क्षमा करना देवताओं का गुण है।

अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार है। हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं।उनमें चुप रहना और माफ करना दो अनमोल हीरे हैं। चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं और माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं। मानवीय जीव में जन्म से ही भरपूर कौशलताएं समाई हुई है बस पहचान कर निखारनें की जरूरत है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज ऑफिस के किसी कार्य में सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी। आज घर में बच्चों के साथ आपका अच्छा टाइम बीतेगा। माता पिता बच्चों को अच्छी सलाह भी दे सकते है। छात्रों को आज ऑनलाइन कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। मां दुर्गा को पान का पत्ता चढ़ाएं, आपकी पारिवारिक परेशानियां दूर होंगी।

वृष राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है। अपना समय शॉपिंग में बिता सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टी नेशनल कंपनी से कॉल आ सकती है। दांपत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। दोस्तों की सलाह आज आपके बहुत काम आयेगी। मां कूष्मांडा को इलायची अर्पित करें, जीवन में खुशियों की प्राप्ति होगी।

मिथुन राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आप नया प्लान बनायेंगे। किसी बुजुर्ग महिला की सेवा का अवसर मिलेगा इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे। आज आपके ज्यादातर सोचे हुए कामों पूरे हो जाएंगे। छात्र कोशिश करते रहे, सफलता के योग बने हुए हैं। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करें। मां दुर्गा को इलायची चढ़ाएं, आपकी मेहनत रंग लायेगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए ताजे फल खायें। मां कूष्मांडा को फूल अर्पित करें, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

सिंह राशि-आज आपका दिन बढिया रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। बिजनेस में आपको फायदा हो सकता है। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी करेंगे। किसी खास व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा। मां दुर्गा की आरती करें, आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज आपको सफल बना सकती है। आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हें आप बखूबी निभायेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आस-पास के कई लोग आपको सलाह देंगे। जीवनसाथी पर भरोसा बनायें रखें, रिश्ते मजबूत होंगे। सेहत के लिहाज से आप ठीक रहेंगे। पारिवारिक समस्या दूर होगी, घर में खुशहाली बनी रहेगी। मां कूष्मांडा के आगे माथा टेके, कारोबार में बरकत होगी।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज आपको पुरानी बातें याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढने की प्रेरणा आपको मिलेगी। किसी दूसरों की नक़ल न करें अपने आप पर विश्वास करें। मां कूष्मांडा के सामने घी का दीपक जलाये, जीवन में दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें ,अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालें मन शांत रहेगा। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। मां दुर्गा का ध्यान करें सेहत अच्छी बनी रहेगी।

धनु राशि-आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। अगर आप नयी जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर ले। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा कुछ नया सीखने को मिलेगा। लवमेट अपने मन की बात शेयर करेंगे, इससे रिश्तों में मधुरता बनेगी। शाम को परिवार के साथ किसी जरूरी मामले पर बात होगी जहाँ आप खुलकर अपनी राय रखेंगे। आप किसी नई तकनीक को सीखने की कोशिश करेंगे। मां कूष्मांडा को मीठे का भोग लगायें, आपको किस्मत का सहयोग मिलेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको अपनी सोच सकारात्मक बनाये रखने की आवश्यकता है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को ख़ुशी होगी। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। मां दुर्गा को लाल चुनरी चढ़ाए, समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।


कुंभ राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में कार्यशीलता के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे होने से प्रसन्नता होगी। दोस्ती में चल रही अनबन को ख़त्म करने के लिए आप हाथ बढ़ा सकते हैं। आज आपको कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपकी सकारात्मक सोच आपको लाभ दिलायेगी। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आपके सभी रुके हुए काम बनेंगे।

मीन राशि-आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है। माता पिता से आशीर्वाद लेने से आपकी सभी परेशानियों का हल मिलेगा। आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। साथ ही किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा भी बनेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप कहीं घूमने जाएंगे।

# मिट्टी में मिला दिए गए माफिया अतीक-अशरफ की फरार पत्नियों पर योगी सरकार का शिकंजा

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**

उत्तर प्रदेश के अपराध जगत में एक के बाद एक होते घटनाक्रम से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि जांच एजेंसियां अब



किसी भी फरार अपराधी को बख्शने के मूड में नहीं हैं। बहुचर्चित शाइन सिटी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर भगोड़े आर्थिक अपराधी राशिद नसीम को संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी न केवल हजारों ठगे गए निवेशकों के लिए उम्मीद की किरण लेकर आई है, बल्कि प्रयागराज में वर्षों से फरार चल रहे अन्य खतरनाक अपराधियों के लिए भी एक कड़ा संदेश बन गई है।राशिद नसीम शाइन सिटी समूह का अध्यक्ष बताया जाता है। उस पर आरोप है कि उसने रियल एस्टेट, निवेश योजनाओं और बहुस्तरीय विपणन के नाम पर हजारों निवेशकों से लगभग एक हजार करोड़ रुपये की ठगी की। वह वर्ष 2019 में नेपाल के रास्ते दुबई फरार हो गया था। देश छोड़ने से पहले उसने तीस करोड़ रुपये की रकम गुजरात की एक कंपनी के जरिये विदेश भेज दी थी। जनवरी 2026 में प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ यूएई अधिकारियों को एक विस्तृत आरोप-पत्र सौंपा था, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई।लखनऊ की विशेष न्यायालय ने उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने उसकी एक सौ सत्ताईस करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट, लुकआउट सर्कुलर और इंटरपोल का लाल नोटिस भी जारी किया जा चुका था। इस पूरी कार्रवाई को जांच एजेंसियों की बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। राशिद नसीम की गिरफ्तारी ने प्रयागराज पुलिस की नींद उड़ा दी है। अब उन तमाम फरारों की तलाश तेज कर दी गई है जो वर्षों से कानून की आंखों में धूल झोंककर छिपते फिर रहे हैं। इनमें सबसे प्रमुख नाम माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और अतीक के भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा का है। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा और अतीक की बहन आयशा नूरी पहले से ही वांछितों की सूची में हैं। इन सभी के बारे में सवाल उठाए जा रहे हैं कि इनकी गिरफ्तारी आखिर कब होगी।अतीक अहमद के भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा भी उमेश पाल हत्याकांड की साजिश में शामिल मानी जाती है। उसकी बहन आयशा नूरी ने इस वारदात के बाद अपने घर पर असद और गुड्डू को शरण दी थी, जिसका बंद कैमरे का दृश्य भी सामने आया था। शाइस्ता परवीन प्रयागराज के दामूपुर गांव की रहने वाली है। उसके पिता मोहम्मद हारून एक सेवानिवृत्त पुलिस कांस्टेबल हैं। शाइस्ता के खिलाफ अब तक चार मामले दर्ज हो चुके हैं। उसने कथित रूप से अपने बेटे असद और शूटर गुलाम को उमेश पाल की हत्या के बाद प्रयागराज से भाग जाने के लिए कहा था। पुलिस की एक सिपाही की बेटी का इस तरह माफिया की दुनिया में उतरना और फिर खुद कानून से भागते फिरना, यह कहानी समाज के उस पतन की तस्वीर है जो संगत और परिस्थितियों के बदलाव से इंसान को कहां से कहां ले जाती है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने शाइस्ता परवीन का नाम वांछितों की सूची में डाल दिया है और उसके बारे में जानकारी देने वाले को पचास हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी की गई है। लखनऊ में एक बेनामी संपत्ति की सौदेबाजी से मिलने वाली बारह करोड़ रुपये की रकम को जैनब और शाइस्ता तक पहुंचाना एक वकील का मकसद था। यह भी पता चला कि इस रकम की मदद से दोनों विदेश भागने की फिराक में थी.उमेश पाल हत्याकांड के बाद से माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पुलिस की पकड़ से बाहर है। उनकी और जैनब फातिमा की तलाश में देर रात प्रयागराज के कई इलाकों में पुलिस ने घर-घर तलाशी चलाई। एक समय शाइस्ता परवीन की उपस्थिति उड़ीसा में होने के संकेत मिले थे, जिसके बाद विशेष कार्यबल ने वहां की पुलिस को सतर्क किया और एक दल ने जाकर जांच भी की। लेकिन बावजूद इसके वह पुलिस के हाथ नहीं आई।

अब राशिद नसीम की दुबई से गिरफ्तारी के बाद प्रयागराज पुलिस नए जोश के साथ मैदान में उतर गई है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस शाइस्ता परवीन और जैनब फातिमा को औपचारिक रूप से अत्यंत वांछित की सूची में शामिल करने की तैयारी कर रही है, जिससे उनकी तलाश को और अधिक संगठित एवं प्राथमिकता वाली मुहिम का रूप दिया जा सके। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस सूची में शामिल होने के बाद अन्य राज्यों की पुलिस भी और सक्रियता से इन महिलाओं की तलाश में जुट जाएगी। उमेश पाल की हत्या के बाद से शाइस्ता परवीन और जैनब फरार हैं। कई बार उनके प्रयागराज पहुंचने की सूचनाएं मिलीं, जिसके आधार पर पुलिस ने माफिया अतीक अहमद के करीबियों के घरों पर छापेमारी भी की, लेकिन देर तक चली तलाशी के बाद भी दोनों का कोई पता नहीं चल सका। जांच एजेंसियों का मानना है कि राशिद नसीम की गिरफ्तारी से एक संदेश जाएगा कि अब विदेश में बैठकर भी कानून से मुक्ति नहीं मिल सकती। जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फरार बैठा एक आर्थिक अपराधी दुबई की सड़कों से उठाया जा सकता है, तो देश के भीतर छिपे अपराधियों की गिरफ्तारी तो और भी संभव है। प्रयागराज पुलिस के लिए यह गिरफ्तारी एक प्रेरणा बन गई है। अब देखना यह है कि वह दिन कब आएगा जब शाइस्ता परवीन, जैनब फातिमा और अन्य फरार अपराधी कानून के कठघरे में खड़े होंगे और उमेश पाल समेत अन्य पीड़ितों के परिजनों को वास्तविक न्याय मिलेगा।

# दरवाजा खुला है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

शहर के उस आखिरी छोर पर, जहाँ कंक्रीट के जंगल की सांसें फूलने लगती हैं, वह 'शांति



विला' खड़ा था। विला का नाम 'शांति' शायद इसलिए रखा गया था क्योंकि यहाँ का सन्नाटा कब्रिस्तानों को मात देता था। लोहे के विशाल फाटक पर जंग की ऐसी परतें थीं, जैसे वक्त ने खुद उसे छूना छोड़ दिया हो।

अनिरुद्ध ने अपनी महँगी चमड़े की जैकेट को झाड़ा। छह साल बाद ऑस्ट्रेलिया की चकाचौंध से वह इस धूल भरे सन्नाटे में लौटा था। टैक्सी ड्राइवर ने सामान उतारते हुए अजीब नज़रों से उसे देखा।

"साहब, इस घर में कोई रहता है क्या? बड़ी भारी महक आ रही है बाहर तक।"

अनिरुद्ध ने नाक सिकोड़ी। "मेरी माँ रहती हैं। बूढ़ी हैं, शायद सफाई नहीं करवा पातीं। तुम अपना किराया लो और निकलो।"

उसने जैसे ही धक्का दिया, दरवाज़ा बिना किसी आवाज़ के खुल गया। वह बंद नहीं था। उसे लगा था कि अंदर से मां की आवाज़ आएगी– "अरे अनु! तू आ गया?" पर अंदर से सिर्फ एक गाढ़ा, चिपचिपा अंधेरा बाहर आया। वह अंधेरा जो छह महीनों से इस विला की दीवारों के बीच पक रहा था।

ड्राइंग रूम की धूल पर उसके जूतों के निशान ऐसे बन रहे थे जैसे किसी पवित्र ग्रंथ पर कोई गाली लिख दी गई हो। उसने लाइट का स्विच दबाया, पर बिजली शायद बिल न भरने के कारण कट चुकी थी। अनिरुद्ध ने अपने आईफोन की फ्लैशलाइट जलाई। रोशनी की किरण उस सोफे पर पड़ी, जहाँ एक आकृति पसरी हुई थी।

"माँ? सो रही हो क्या? देखो, मैं सिडनी से सीधे आ रहा हूँ। बहुत थक गया हूँ, एक कप चाय तो पिला दो।"

बहुत दिनों बाद कमरे में कोई स्वर गूँज रहा था। सोफे पर जो था, वह अब माँ नहीं थी। वह हड्डियों का एक ढांचा था, जिस पर चमड़ी का बचा-कुचा भूरा लिबास लिपटा था। प्रकृति ने अपना काम बखूबी किया था– कीड़े अपना हिस्सा ले चुके थे, अब केवल अवशेष बचे थे। अनिरुद्ध की चीख गले में ही सूख गई। उसे लगा कि यह कोई प्रैंक है, पर वह गंध? वह गंध किसी मजाक की नहीं, बल्कि एक अंतिम सत्य की थी।

मेज पर एक कागज का टुकड़ा पड़ा था। धूल की परतों के नीचे दबे उस कागज पर कोई वसीयत नहीं थी, न ही गहनों का हिसाब। उस पर सिर्फ एक ही वाक्य हज़ारों बार लिखा गया था, जैसे कोई पागल मंत्र जपा गया हो– "बेटा, दरवाज़ा खुला है, तू बस आ जाना।"

अनिरुद्ध का हाथ कांपने लगा। उसने रोशनी कागज के निचले हिस्से पर डाली। वहाँ खून और आंसुओं के सूखे काले धब्बे थे, जहाँ लिखा था– "मैं मर नहीं रही अनु, बस सो रही हूँ ताकि जब



तू आए तो मुझे जगा सके। ऑस्ट्रेलिया में बहुत ठंड होती है न? सुना है वहाँ लोग अपनों को भूल जाते हैं, पर तू तो मेरा बेटा है। स्वेटर पहन लेना, तुझे जुकाम जल्दी होता है।"

तभी अनिरुद्ध की नज़र उस कंकाल के सूखे, काले पड़ चुके हाथ की मुठी पर पड़ी। मुट्ठी कसी हुई थी। उसने हिम्मत जुटाकर उन ठंडी, पत्थर जैसी उंगलियों को खोला। अंदर एक छोटा सा, नीले रंग का ऊनी स्वेटर दबा था। वह आधा बुना हुआ था। एक सलाई अभी भी ऊन के गोलों में फंसी थी। यह स्वेटर अनिरुद्ध के उस बेटे के लिए था, जिसकी तस्वीर उसने तीन साल पहले व्हाट्सएप पर भेजी थी।

"माँ..." अनिरुद्ध के गले से एक घिघियाहट निकली।

वह 'शांति विला' अब एक कटघरा बन गया था। उसे याद आया, छह महीने पहले माँ का आखिरी फोन आया था। उसने झिड़क कर कह दिया था– "मम्मी, यहाँ प्रोजेक्ट की डेडलाइन है, आप रोज़ वही 'कब आओगे' का राग मत अलापा करो।"

शायद उसी रात माँ ने दरवाज़ा खुला छोड़ा होगा। शायद उसी रात उन्होंने यह तय किया होगा कि अब वे नहीं जागेंगी, क्योंकि जागते हुए इंतज़ार करना बहुत दर्दनाक था। उन्होंने मौत को एक नींद का नाम दे दिया था, ताकि बेटे पर हत्या का इल्जाम न आए।

खिड़की से आती चांद की ठंडी रोशनी ने उस कंकाल की आँखों के गड्ढों को भर दिया। उन खाली कोटरों में अब भी एक भयावह इंतज़ार जमा हुआ था। एक ऐसा इंतज़ार जो मौत की सरहद पार करने के बाद भी खत्म नहीं हुआ था। अनिरुद्ध ने उस आधे बुने स्वेटर को अपने चेहरे से लगा लिया। वह ऊन अब मुलायम नहीं थी, वह कांटों की तरह चुभ रही थी।

उस बड़े से विला में, करोड़ों की संपत्ति के बीच, अनिरुद्ध अकेला खड़ा था। उसके पास ऑस्ट्रेलिया का पीआर था, बैंक बैलेंस था, और एक शानदार भविष्य था। पर उसके पास वह नींद नहीं थी, जिसे उसकी माँ छह महीने से ओढ़े बैठी थी।

उसने सिसकते हुए माँ के उस कंकाल नुमा हाथ को पकड़ लिया और धीरे से फुसफुसाया, "माँ, उठो... देखो मैं आ गया। दरवाज़ा बंद कर दो, अब मुझे कहीं नहीं जाना।"

पर माँ नहीं जागीं। उन्होंने अपना वादा पूरा कर दिया था। वे सो चुकी थीं ताकि बेटा उन्हें जगा सके। पर बेटा इतनी देर से आया था कि अब जगाने के लिए कोई शरीर नहीं, सिर्फ एक पछतावा बचा था।

हवा के एक झोंके ने उस कागज को फर्श पर उड़ा दिया। आखिरी पंक्ति अब साफ दिख रही थी– "दरवाज़ा खुला है, क्योंकि तू तो पराया हो गया, पर मेरी ममता अब भी तेरी राह देख रही है।"

अनिरुद्ध उसी ठंडे फर्श पर बैठ गया। बाहर शहर की रोशनी चमक रही थी, पर 'शांति विला' के उस कोने में एक ऐसा अंधेरा छा गया था, जिसे दुनिया का कोई भी सूरज कभी नहीं मिटा सकता था।

## एक नजर

### कृष्ण कुमार ठाकुर ने एनएमडीसी निदेशक का पदभार ग्रहण किया



**हैदराबाद,23 मार्च।** भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) के 1998 बैच के अधिकारी श्री कृष्ण कुमार ठाकुर ने भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी लिमिटेड में निदेशक (कार्मिक) के रूप में गुरुवार को कार्यभार संभाला। भारतीय रेलवे और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में ढाई दशक की सेवा के साथ श्री ठाकुर मानव संसाधन प्रबंधन और प्रशासन का व्यापक अनुभव रखते हैं। आपने सोलापुर, भोपाल और मुंबई सहित प्रमुख रेलवे डिवीजनों में महत्वपूर्ण मानव संसाधन कार्यों को संभाला है, और पश्चिमी रेलवे के भर्ती प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में बड़े पैमाने पर भर्ती का नेतृत्व किया है, जिसमें लगभग 12,000 कर्मचारियों की भर्ती की गई है। आपके नेतृत्व में बड़े पैमाने पर भर्तियां करने, जटिल औद्योगिक संबंधों का प्रबंधन तथा उत्पादकता और कर्मचारी कल्याण को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रगतिशील मानव संसाधन पहलें प्रारम्भ की गई हैं। राइट्स(आरआईटीईएस) में अपने कार्यकाल के दौरान, वह सऊदी अरब में एक अंतरराष्ट्रीय ट्रेन संचालन परियोजना से जुड़े थे। उन्होंने कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केआरसीएल) में मानव संसाधन विभाग का नेतृत्व भी किया, जहां आपने मानव संसाधन नीतियों और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनएमडीसी में कार्य ग्रहण करने से पूर्व, बीएचईएल में निदेशक (एचआर) के रूप में, श्री ठाकुर ने एचआर, विधि और एचएसई में कई पहलों का नेतृत्व किया, जिसमें कार्यप्रणालियों का पुनर्गठन, नीतिगत सुधार, एक समान प्रोत्साहन योजना की शुरुआत, और कार्यबल की क्षमता बढ़ाने और उन्हें कंपनी में बनाए रखने के लिए बहु-कौशल पहल शामिल हैं। आपने कामगारों की तैनाती में गतिशीलता को बढ़ाने, और उसे बनाए रखने के लिए श्रम शेड के मानक दिशानिर्देश जारी किए गए। आपने तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर से साहित्य में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) से मानव संसाधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएम-एचआर) किया है। भारतीय रेलवे और बड़े सीपीएसई में मानव संसाधन में श्री ठाकुर का अनुभव एनएमडीसी के जन- केंद्रित पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में सहायक होगा, साथ ही संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ कर्मचारी विकास को संरेखित करेगा।

### विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण

**बीजापुर 23 मार्च।** महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा दिनॉक 18 मार्च को उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदीयों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया।

# बैलाडीला में सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने तिलकोत्सव कार्यक्रम

- सदस्यों ने प्रतिष्ठानों में पहुंचकर लोगों को तिलक लगाकर नववर्ष की दी शुभकामनाएं

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 23 मार्च।** हिन्दू नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकल अभियान अंतर्गत बैलाडिला अंचल समिति के समस्त स्वयं सेवकों ने तिलकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सदस्यों ने नगर भ्रमण कर तिलक लगाकर व्यापारी भाईयों को हिन्दू नववर्ष एवं गुड़ी पडवा नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। तिलक उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से शुरू कर नगर के मुख्य मार्गो में स्थित सभी प्रतिष्ठानों में जाकर एकल अभियान अंचल बैलाडिला के स्वयं सेवकों ने अपने व्यापारी भाईयों को तिलक लगाकर उन्हें प्रसाद देकर नवनवर्ष की शुभकामनाएं दी। जय स्तंभ चौक से होते हुए मुख्य मार्ग की दोनों ओर की दुकानों में स्वयं सेवक जाकर सभी से मुलाकात की और तिलक लगाकर हिन्दुनवर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बस स्टेंड स्थित संकट मोचन हनुमान जी के मंदिर भी स्वयं सेवक पहुंचे और अपने ईष्ट देव हनुमान जी की पूजा अर्चना कर उनका आर्शीवाद लिया । शाम 3 बजे स्थानीय मधुबन होटल पहुंचकर तिलकोत्सव अभियान का समापन किया गया। बता दें कि हर वह्यर्ष एकल अभियान अंचल बैलाडिला के द्वारा हिन्दु नववर्ष के उपलक्ष्य पर तिलकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। आयोजकों ने बताया कि तिलक उत्सव का उद्देश्य लोगों में सांस्कृतिक चेतना जगाना, सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को अपनी परंपराओं से जोड़ने के साथ साथ क्षेत्र में एकता भाईचारा और सांस्कृतिक गौरव का संदेश लोगों तक पहुंचाना है। आज के इस आधुनिक युग में इंसान जिस तरह से अपनी गौरवशाली संस्कृति, इतिहास एवं परंपराओं को भुलता जा रहा है वह चिंतनीय है। भारतीय संस्कूति के पुर्नजागरण, हिन्दु एकता, सामुहिक चेतना को जगाने एवं हिन्दु संस्कृतियों को बचाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्दश्य है। तिलकोत्सव कार्यक्रम में बैलाडिला अंचल समिति के पदाधिकारियों में अतुल चौधरी (भाग उपाध्यक्ष) विमल दीक्षित (अंचल अध्यक्ष) विवेक सिंह चौहान (अंचल सचिव) अशोक रिछारिया (प्राथमिक शिक्षा प्रमुख) किशोर साहू (मार्ग दर्शक) एवं महिला समिति से श्रीमती चंपा साहू, श्रीमती जानकी साहू, श्रीमती कुसूम साहू, अभियान प्रमुख राजेश तर्मा, देवेंद्र ठाकुर, फत्तूराम, श्यामलाल नाग, गोपाल भास्कर, सुनीता ओजी समेत एकल की व्यास बहनें एवं आचार्य बहनें शामिल रहे।

# बस्तर में साक्षरता का शंखनाद

## उल्लास महापरीक्षा में उमड़ा जनसैलाब





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 23 मार्च।** बस्तर जिले में शिक्षा और ज्ञान की नई अलख जगाने के उद्देश्य से आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को महापरीक्षा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। जिला प्रशासन की इस अनूठी पहल ने पूरे जिले को साक्षरता के महापर्व में सराबोर कर दिया, जहाँ सुदूर वनांचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक शिक्षा का उत्साह देखने को मिला। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा और जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा में जिले भर के कुल 25,706 परीक्षार्थियों ने सम्मिलित होकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। यह आयोजन महज एक परीक्षा नहीं, बल्कि उन बुजुर्गों और युवाओं के लिए स्वावलंबन की एक नई शुरुआत बनकर उभरा है, जो किन्हीं कारणों से अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं कर पाए थे।

इस महापरीक्षा की सबसे प्रेरक और हृदयस्पर्शी तस्वीर जगदलपुर के केंद्रीय कारागार और पुनर्वास केंद्रों से निकलकर सामने आई। जहाँ एक ओर जेल की सलाखों के पीछे रहने वाले 94 पुरुष और 47 महिला बंदियों ने साक्षरता की मुख्यधारा से जुड़कर अपनी नई पहचान बनाने की कोशिश की, वहीं दूसरी ओर आड़ावाल स्थित पुनर्वास केंद्र में 28 पुर्नवासितों ने भी हाथों में कलम थामकर विकास और शांति की दिशा में अपना पहला कदम बढ़ाया। इन नव-साक्षरों का उत्साह यह बताने के लिए काफी था कि बस्तर अब पूर्ण साक्षर होने की दिशा में तेजी से अग्रसर है और ज्ञान का उल्लास हर वर्ग के जीवन में रोशनी फैला रहा है।

उल्लास परीक्षा के लिए जिले भर में 812 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे, ताकि घने जंगलों और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले प्रतिभागियों को भी परीक्षा देने में कोई असुविधा न हो। मूल्यांकन की प्रक्रिया के दौरान प्रतिभागियों की पढ़ने, लिखने और बुनियादी अंक गणित की क्षमता को बारीकी से परखा गया। इस दौरान संयुक्त संचालक श्री एचआर सोम ने केंद्रीय जेल जगदलपुर का सघन निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, नोडल अधिकारी राकेश खापर्डे और सहायक खंड शिक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिक्षा के इस उत्सव में सामुदायिक भागीदारी भी देखते ही बनी। विकासखंड बस्तर के ग्राम बालेंगा को मॉडल उल्लास केंद्र के रूप में सजाया गया था, जहाँ उल्लास सेल्फी जोन विशेष रूप से ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र रहा। यहाँ खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन और संकुल समन्वयकों की उपस्थिति में ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साह के साथ परीक्षा दी। इसी तरह लोहंडीगुड़ा के चित्रकोट केंद्र में भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उमड़े। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जब जिले का हर नागरिक बुनियादी साक्षरता प्राप्त कर लेगा, तभी बस्तर सही मायने में सशक्त बनेगा। सफल उम्मीदवारों को जल्द ही बुनियादी साक्षरता का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जो उनके भीतर एक नया आत्मविश्वास पैदा करेगा।

## आदि परबः आदिवासी परिधान में अपने समाज के व्यवसाय को प्रदर्शित कर गोल्डन बुक में भिलाई की तीन बेटियों के नाम दर्ज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर 23 मार्च।** आदिवासी कंडरा जाती की तीन बेटी अपने आदिवासी संग्रहालय रायपुर में अपने कंडरा होने का प्रतिनिधित्व करते हुए गिनीश बुक ऑफवर्ल्ड में नाम दर्ज करवाई,,

के अवसर पर नवा रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय में 13 और 14 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति की भव्य झलक देखने को मिली। इस आयोजन में विभिन्न जनजातीय समुदायों ने पारंपरिक वेशभूषा,लोक नृत्य, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी परंपराओं को मंच पर प्रस्तुत किया। भिलाई से आई प्रतिभागी (आदिवासी कंडरा समाज) से भिलाई की तीन, सदस्य ,अन्नपुर्णा छेदाइयां, विनीता छेदाइयां,ओर, रितु छेदाइयां, पारंपरिक ट्राइबल परिधान में भाग लेकर अपनी संस्कृति और पहचान को गर्व के साथ प्रस्तुत किया। उनकी पारंपरिक वेशभूषा और आभूषणों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। आदि पर्व 2026 के दौरान एक मंच पर कई जनजातीय संस्कृतियों की प्रस्तुति के साथ आयोजित ट्राइबल अटायर शो को। गोल्डन बुक ऑफवर्लड रिकॉर्डस में दर्ज किया गया, आज राष्ट्रीय मंच पर गूंज रही है और देशभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है।, जिसमें हमारे छत्तीसगढ़ की कल्चर संस्कृति के साथ बहुत बढ़िया प्रस्तुत किया,।

## 85 आत्मसमर्पित नक्सलियों ने दी 'बुनियादी साक्षरता' परीक्षा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 23 मार्च।** जिले की पुलिस और प्रशासन के प्रयासों से नक्सलवाद का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले आत्मसमर्पित नक्सलियों को शिक्षित और स्वावलंबी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत चलाये जा रहे 'उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के माध्यम से उन आत्मसमर्पित नक्सलियों को 'बुनियादी साक्षरता' (बेसिक पढ़ने और लिखने का कौशल) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो अपने जीवन में कभी औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके थे। इसी अभियान के तहत आज 'बुनियादी साक्षरता' का प्रशिक्षण पूरा कर चुके 85 आत्मसमर्पित नक्सलियों ने साक्षरता परीक्षा दी है। इससे पहले भी 272 आत्मसमर्पित कर चुके नक्सल कैडर्स ने यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, और अब वे साक्षर होकर एक सामान्य नागरिक की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। इन सभी को छ.ग. शासन की 'नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति' के तहत मिलने वाली सहायता, रोजगार मूलक प्रशिक्षण और पुनर्वास के सभी लाभ दिए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य भटके हुए युवाओं को हिंसा के मार्ग से हटाकर शिक्षा के माध्यम से उनके हाथों में कलम देना है। बीजापुर पुलिस जिले में सक्रिय नक्सलियों से लगातार अपील कर रही है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करें और शासन की पुनर्वास नीति का लाभ उठाकर शांतिपूर्ण जीवन की शुरुआत करें।

# बस्तर हेरिटेज मैराथन दौड़ को जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 23 मार्च।** बस्तर हेरिटेज मैराथन 2026 में वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप और विधायक किरण देव के द्वारा झंडी दिखाकर दौड़ को आज रविवार सुबह रवाना किया गया। बस्तर हेरिटेज मैराथन 2026 के तहत लालबाग मैदान में मैराथन दौड़ में शामिल होने पहुंचे धावकों को प्रोत्साहित करने के लिए जुंबा डांस का आयोजन किया गया। इस जुंबा डांस में बड़ी संख्या में धावक गण के साथ मांझी- चालकी, महापौर संजय पांडेय, ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, सहित अन्य गणमान्य जन प्रतिनिधि एवं कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तरआईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, वन मण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित देश विदेश, प्रदेश और संभाग के धावक शामिल हुये।

इस दौरान मैराथन में अधिक से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक और सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं की गईं। मैराथन मार्ग पर जगह-जगह धावकों के लिए पेयजल, फल, एनर्जी ड्रिंक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी, जिससे प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वास्थ्य टीमों की तैनाती भी की गई थी, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही मैराथन के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नर्तक दलों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने धावकों और दर्शकों के उत्साह को दोगुना कर दिया। पारंपरिक नृत्य और लोक संस्कृति की झलक ने आयोजन को और भी खास बना दिया। इस सफल आयोजन ने न केवल खेल भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया।

# बस्तर के आड़ावाल में जगी दिव्यांगों की उम्मीद

- शिविर में 120 हितग्राहियों को मिला आधुनिक उपकरणों का सहारा

**जगदलपुर, 23 मार्च।** बस्तर जिले के आड़ावाल स्थित जयपुर फुट सेंटर में रविवार को दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से एक विशाल सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मानवता की सेवा और सशक्तिकरण को समर्पित इस शिविर में सुबह से ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगों और उनके परिजनों की भारी भीड़ देखी गई। इस आयोजन के दौरान कुल 120 हितग्राहियों का पंजीयन कर उनकी शारीरिक बाधाओं को दूर करने के लिए आधुनिक तकनीक से निर्मित कृत्रिम अंगों और सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

शिविर की सफलता इस बात से आंकी जा सकती है कि इसमें न केवल शारीरिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को चलने-फिरने में सक्षम बनाया गया, बल्कि उनकी अन्य जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा गया। आयोजन में कुल 06 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ और 05 को कृत्रिम पैर प्रदान किए गए, जिससे उनके जीवन में आत्मनिर्भरता की नई शुरुआत हुई। साथ ही गतिशीलता को बढ़ाने के लिए 19 मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, 33 सामान्य ट्राईसाईकिल और 16 व्हीलचेयर का वितरण किया गया। गंभीर रूप से चलने में असमर्थ लोगों के लिए ये उपकरण किसी वरदान से कम नहीं थे।

इस दौरान उपकरण वितरण के साथ-साथ शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए 17 हितग्राहियों का यूडीआईडी कार्ड भी बनाया गया, जो भविष्य में उन्हें विभिन्न सरकारी लाभ दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त सुनने की अक्षमता से जूझ रहे 14 लोगों को श्रवण यंत्र और सहारे के लिए 12 दिव्यांगों को बैसाखी प्रदान की गई। जयपुर फुट सेंटर के विशेषज्ञों द्वारा लगाए गए इस शिविर ने बस्तर के दूरस्थ अंचलों से आए दिव्यांगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें एक सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है।

## घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने के विरोध में महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 23 मार्च।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने और उसकी किल्लत के खिलाफ कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी की अगुवाई में जिला महिला कांग्रेस ने नए बस स्टैंड बीजापुर में आज रविवार को एक-दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया है। इस दौरान कांग्रेस की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिला कांग्रेस का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के कारण रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। खाद्य तेल, अनाज सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होने आरोप लगाया कि पहले 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया था, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि 2500 रुपये में भी गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर एवं बीजापुर विधायक विक्रम मांडवी ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन को संबोधित किया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शन के उपरांत महिलाओं ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार बीजापुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गैस सिलेंडर की भारी कमी एवं किल्लत से आम जनता को हो रही परेशानी का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई है

### 36 फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

# कलेक्टर ने फील्ड ट्रेनर्स को दिया निष्ठा से कार्य करने का मंत्र

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 23 मार्च।** भारत की आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने हेतु बस्तर जिले में प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जगदलपुर स्थित जिला कार्यालय के आस्था हॉल में 36 फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को त्रुटिरहित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। 23 मार्च से 25 मार्च 2026 तक चलने वाले इस शिविर में जनगणना निदेशालय के मास्टर ट्रेनर श्री संतोष मेंढे और जिले के मास्टर ट्रेनर श्री जीवन लाल शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को सुबह 09:30 बजे से शाम 06 बजे तक प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री आकाश छिकारा ने जनगणना की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह भविष्य की योजनाओं और जन-कल्याण का आधार है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित किया कि वे गणना के प्रत्येक बिंदु को सूक्ष्मता से समझें, क्योंकि उनके द्वारा दिया गया प्रशिक्षण ही आगे चलकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की कार्यक्षमता निर्धारित करेगा। कलेक्टर ने विशेष रूप से डेटा की शुद्धता और मोबाइल ऐप के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि डिजिटल जनगणना के इस युग में तकनीक का सही ज्ञान ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी फील्ड ट्रेनर्स को पूरी निष्ठा के साथ इस राष्ट्रीय दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स को एचएलओ मोबाइल ऐप की कार्यप्रणाली, लेआउट मानचित्र तैयार करने की तकनीक और डेटा सुरक्षा के कड़े मानकों से अवगत कराया जा रहा है। सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए सत्रों में रिकैप क्विज और रोल-प्ले जैसी गतिविधियाँ भी शामिल की गई हैं। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में इन ट्रेनर्स को जमीनी अनुभव देने हेतु क्षेत्रीय भ्रमण (फील्ड विजिट) पर ले जाया जाएगा, जहाँ वे परिवारों से संपर्क करने और वास्तविक स्थितियों में डेटा संग्रह करने का अभ्यास करेंगे। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री सीपी बघेल ने सभी संबंधित प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य में संलग्न कर्मियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति और अनुशासन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना उपस्थित थीं।

### ऑपरेशन शंखनाद के तहत रायगढ़ पुलिस की एक और बड़ी कार्रवाई

# 16 गौवंश तस्करों के कब्जे से मुक्त, गिरफ्तार, फरार आरोपी की तलाश




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 23 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देशन में जिले में गौवंश संरक्षण एवं मवेशी तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन शंखनाद चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र सक्रिय कर प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में कल शाम थाना लैलूंगा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आमापाली से झगरपुर मार्ग होते हुए मवेशियों को ओडिशा बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा ग्राम झगरपुर के पास घेराबंदी कर मेन रोड पर मवेशी ले जा रहे एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम देवानंद यादव पिता मनधरो यादव, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम आमापाली थाना लैलूंगा बताया। उसके कब्जे से 16 नग कृषक धन गौवंश बरामद किए गए। परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी ने रब्बुल खान नाम के मवेशी तस्कर के साथ मिलकर मवेशियों को ओडिशा बूचड़खाने ले जाना स्वीकार किया।

## समाचार संक्षेप

### ओडिशा की तरह छग के किसानों से भी 3100 में रबी धान खरीदे सरकार : विनोद चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 23 मार्च।** एक तरफ छत्तीसगढ़ में किसानों को धान फसल के लिए हतोत्साहित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ओड़िशा में किसानों से खरीफ के साथ-साथ रबी धान की खरीदी भी 3100 रु. प्रति क्विंटल की दर पर की जा रही है। छत्तीसगढ़ में खरीफ धान की खरीदी में भी भाजपा की सरकार ने तरह-तरह की बाधाएं उत्पन्न कर किसानों को परेशान किया। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने तथा टोकन नहीं कटने से किसान धान बेचने भटकते रहे। वहीं, दूसरी ओर धान उपार्जन केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं, बार दाना संकट, उठाव नहीं होने से धान जाम की स्थिति के चलते धान खरीदी बंद होने जैसे अनेक बाधाएं सामने आई। जिसके परिणाम स्वरूप खरीफ सीजन में पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले के लगभग 11 हजार पंजीकृत किसान धान बेचने से वंचित हो गए। वर्तमान रबी सीजन में धान फसल लेने वाले किसानों को खाद संकट, बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है।



उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने भाजपा द्वारा ओड़िशा के किसानों से रबी फसल की खरीदी 3100 रु. में करने की तैयारी पर व्यक्त किए। पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि रबी धान की खरीदी के लिए ओड़िशा में विगत 10 मार्च से किसानों का पंजीयन हो रहा है। वहां, 3100 रु. की दर पर रबी धान की खरीदी हो रही है। ओड़िशा में विधान सभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वहां 3100 रु. में रबी धान को खरीदने की घोषणा की थी। वहां, रबी धान की खरीदी पिछले वर्ष से चल रही है। जब ओड़िशा में रबी धान की खरीदी समर्थन मूल्य 3100 रु. की दर से हो सकती है, तो छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं?

## एक नजर

### पानी बॉटलिंग फर्म में छापा, नोटिस जारी

**बिलासपुर, 23 मार्च।** बिलासपुर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अशोक नगर स्थित सीमा ब्रेवरेज पर कार्रवाई की। टीम ने गलत लेबलिंग के आरोप में पानी की 77 पेटियां जब्त कीं और फर्म को नोटिस जारी किया। इस कार्रवाई के दौरान मेलोडी आइसक्रीम का सैंपल भी जांच के लिए भेजा गया। सीमा ब्रेवरेज में पानी की बोतलों पर एक्सपायरी डेट प्रिंट नहीं थी और लेबलिंग गलत पाई गई, जिसके बाद फर्म से जवाब मांगा गया है। यह कार्रवाई नवरात्रि और गर्मी के मौसम को देखते हुए जनस्वास्थ्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। इससे पहले शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सीपत स्थित गंगोत्री मिनरल वाटर प्लांट पर छापा मारकर हजारों बोतल और पाउच पानी जब्त किया था।आज की कार्रवाई अभिहित अधिकारी आर.आर. देवांगन के मार्गदर्शन में हुई। टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल मासूम आराध्या की मौत

**कोरबा-पाली , 23 मार्च।** कोरबा जिले के पाली थाना अंतर्गत नगर पंचायत पाली के टावर मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। यहां निवासरत परमेश्वर डिक्सेना की 5 वर्षीय पुत्री आराध्या डिक्सेना की शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे शिव मंदिर चैक पर स्कूटी और वैन की टक्कर में दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर गंभीर रूप से घायल आराध्या को सीएचसी पाली में भर्ती कराया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बिलासपुर रेफर किया गया था। उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। आराध्या के निधन की खबर से शोक की लहर दौड़ पड़ी। उसका अंतिम संस्कार पाली स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### लाठी-डंडों से पीटकर हत्या, एक गिरफ्तार

**बिलासपुर, 23 मार्च।** बिलासपुर के कोटा इलाके में मामूली विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। 52 वर्षीय मोहन पांडे की लाठी-डंडों और मुक्कों से बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए मुख्य आरोपी को दबोच लिया है, जबकि बाकी हमलावरों की तलाश में टीमें ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। कोटा थाना क्षेत्र के करगी खुर्द से जुड़ा यह मामला इलाके में सनसनी फैला गया है। मृतक मोहन पांडे, जो वर्तमान में गनियारी भादम में रह रहे थे, पर आरोपी राजाराम साहू और उसके साथियों ने मिलकर अचानक हमला कर दिया। लाठी-डंडों और हाथ-मुक्कों से की गई इस बेरहमी भरी मारपीट में मोहन पांडे ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोटा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी 21 वर्षीय राजाराम साहू को हिरासत में ले लिया। वहीं, घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर दबिश दी जा रही है। इस हिंसक हमले में शरद कौशिक नाम का एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत पर पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है।

### पान दुकान में चोरी करने वाला नाबालिग पकड़ा गया

**जांजगीर-चांपा, 23 मार्च।** जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा थाना क्षेत्र में पान दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर ही मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक विधि से संघर्षरत अपचारी बालक को पकड़कर उसके कब्जे से चोरी का सामान और नकदी बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बलौदा निवासी अशोक कुमार तंबोली की मुन्ना पान ठेला नाम से दुकान राजीव गांधी चौक के पास स्थित है। वे 21 मार्च की रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगली सुबह करीब 5 बजे जब वे दुकान पहुंचे, तो दरवाजा टूटा हुआ मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि दुकान से करीब 2 हजार रुपये नगद और राजश्री, विमल गुटखा, पान पराग व सिगरेट सहित लगभग 25 हजार रुपये का सामान चोरी हो गया था। कुल मिलाकर करीब 27 हजार रुपये की चोरी हुई थी।

### महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप का भव्य आयोजन, धमतरी में रचा गया इतिहास

# गंगरेल नौकायान उत्सव से धमतरी शहर को मिली नई पहचान, 52 टीमों ने दिखाया दम

- महानदी की लहरों पर नावों की रफ्तार, आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न
- जल, खेल और संस्कृति का संगम दिखा प्रतियोगिता में



**धमतरी, 23 मार्च।** आज का दिन धमतरी जिले के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब पहली बार गंगरेल बांध की शांत एवं मनमोहक जलधारा पर 'गंगरेल नौकायान उत्सव' के अंतर्गत भव्य महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। मचान हाट प्वाइंट से गंगरेल ब्लू एडवेंचर स्पोर्ट्स प्वाइंट तक 1000 मीटर की चुनौतीपूर्ण दूरी में आयोजित इस रोमांचक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अद्भुत गति, संतुलन और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर उत्साह, रोमांच और जनसहभागिता का अद्वितीय संगम देखने को मिला। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में धमतरी सहित समीपवर्ती जिलों कांकेर एवं बालोद की कुल 52 टीमों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन क्षेत्रीय स्तर पर एक बड़े खेल महोत्सव के रूप में उभरकर सामने आया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक ओमकार साहू, महापौर रामू रोहरा एवं पूर्व विधायक रंजना साहू द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अविनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**महिला सहभागिता ने बढ़ाया गौरव:** इस आयोजन की सबसे उल्लेखनीय विशेषता ग्रामीण अंचलों की महिला प्रतिभागियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। ग्राम तिर्रा की चयन बाई, सुमन एवं दिनेश्वरी निधार ने पारंपरिक लकड़ी की नाव के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर न केवल प्रतिस्पर्धा को रोमांचक बनाया, बल्कि महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक संदेश भी दिया। सीमित संसाधनों के बावजूद उनका आत्मविश्वास और साहस सभी के लिए अनुकरणीय रहा। विधायक ओमकार साहू ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा एवं जल पर्यटन को नई पहचान प्रदान करेगा। महापौर रामू रोहरा ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण पहल बताते हुए स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ युवाओं में खेल एवं साहसिक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित होगी।

**अन्य प्रमुख गतिविधियाँ:** कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मत्स्य विभाग द्वारा 8 मछुआ समितियों को आइस बॉक्स वितरित किए गए, जिससे मत्स्य व्यवसाय को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। साथ ही जल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वॉटर एंबुलेंस का शुभारंभ भी किया गया।

#### पर्यटन और विकास की नई दिशा

'गंगरेल नौकायान उत्सव' धमतरी जिले में पर्यटन, संस्कृति एवं खेल गतिविधियों के समन्वय का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। यह आयोजन न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि गंगरेल क्षेत्र को राज्य के प्रमुख पर्यटन एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

#### प्रतियोगिता के परिणाम

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए
**प्रथम स्थान:** बोट क्रमांक 04 (रोमार निषाद तिरी एवं जीतु निषाद)
**द्वितीय स्थान:** बोट क्रमांक 1 सत्वंत मंडावी एवं मिथलेश मंडावी,कोलियारी)
**तृतीय स्थान:** बोट क्रमांक 10 (कोमल निषाद एवं महेश्वर कुरेटरी, तिर्रा)
**वेशभूषा पुरस्कार:** बोट क्रमांक 06 (पवनबाई निषाद एवं देवनबती निषाद,तिर्रा)
**सजावट पुरस्कार:** बोट क्रमांक 08 (रामनारायण नेताम एवं रिशीराम निषाद, सटी यारा)

#### विजेताओं को अतिथियों ने ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए

**प्रथम पुरस्कार:** 1,00,000
**द्वितीय पुरस्कार:** 50,000
**तृतीय पुरस्कार:** 25,000
साथ ही बोट सजावट एवं वेशभूषा के लिए 11,000 के विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। जिला प्रशासन द्वारा महिला प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए 15,000, ?10,000 एवं ?5,000 के सांत्वना पुरस्कार की भी घोषणा की गई।

### ट्रेलर चालक से लूटपाट के मामले में खरसिया पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 23 मार्च।** ट्रेलर चालक से लूटपाट की गंभीर घटना में खरसिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेज दिया है।

घटना के संबंध में प्रार्थी मिथुन कुमार यादव (25 वर्ष) निवासी ग्राम काटेबंध, जिला गया (बिहार) जो ट्रेलर वाहन चालक है ने कल 21 मार्च को थाना खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 27 फरवरी 2026 को वह अपने ट्रेलर वाहन से अडानी माइंस तमनार से रॉबर्टसन की ओर कोयला लेकर जा रहा था।

रात्रि करीब 02:30 बजे रॉबर्टसन से लगभग 2 किमी पहले एक व्यक्ति ने मोटरसाइकिल से उसका रास्ता रोककर उसे ट्रेलर से नीचे खींच लिया और डरा-धमकाकर उसके पास रखे 10, 000 लूट लिए। इसके बाद आरोपी उसे अपने साथ ले जाकर रोड किनारे बाड़ी में रातभर बंधक बनाकर रखा।

सुबह आरोपी उसे ग्राम चपले ले गया और एक कियोस्क शाखा से 35, 000 निकालने के लिए धमकाया। डर के कारण पीड़ित ने 32, 000 निकालकर आरोपी को दे दिए। इसी दौरान पीड़ित ने अपने वाहन मालिक को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वाहन चालक भी जरूरी काम पड़ जाने से अपने गांव चला गया था। प्रार्थी द्वारा 21 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर थाना खरसिया में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 124/2026 धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### स्वर्णकार समाज की नगर इकाई गठित, सुझाव किए गए साझा, सक्रियता का दिलाया भरोसा



**महासमुंद, 23 मार्च।** स्वर्णकार (सोनार) समाज की नगर ईकाई का गठन शुक्रवार को स्थानीय स्वाध्याय भवन में हुआ। गठन के लिए आहूत सभा में शहर सहित आसपास के निवासी समाजजनों ने अपनी महती सहभागिता से सभा को सफल बनाया। बता दें कि शहर में निवासरत समाज के सभी परिवार इस सभा में आमंत्रित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान राम के छायाचित्र में माल्यार्पण और दीप प्रवलन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने सामाजिक एकजुटता और सहभागिता के साथ आगामी दिनों में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों और आयोजनों के सुझाव साझा किए। साथ ही सामाजिक गतिविधियों में लगातार परिवार सहित अपनी सक्रियता बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में शंकर लाल सोनी, मोहन लाल सोनी, मधुसूदन सोनी, सीतेश सोनी, घनश्याम सोनी, नेमीचंद सोनी, राजेश सोनी, राकेश सोनी, नरोत्तम चौधरी, महेश सोनी, कन्हैया लाल सोनी, रत्नेश सोनी, हिरेन्द्र सोनी, बसंत सोनी(बाबा), चिरंजीव सोनी, शैलेन्द्र सोनी, आकाश सोनी, विक्रम सोनी, रवि सोनी, गिरीश सोनी, पल्टन सोनी, व्यासनारायण सोनी, मुरारी सोनी, भीम सोनी, राजा सोनी, गोपाल सोनी, युवराज सोनी, सीताराम सोनी, आलोक सोनी, मनोज कुमार सोनी, सूरज सोनी, हरि सोनी, रणधीर सोनी, राजेश सोनी, कल्लू सोनी, चमन सोनी, सुभाष सोनी, बहादुर सोनी, नरेश सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, ओमप्रकाश सोनी, किशोर सोनी, कृष्णा सोनी, राजेश सोनी, विक्की सोनी, सुभाष पोद्दार, अभिमन्यु सोनी, राजेश सोनी, रवि सोनी, संतोष सोनी, हेमलाल स्वर्णकार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

# ईद पर पीसीसी चीफ बैज ने दिया भाईचारा, प्रेम और एकता का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 23 मार्च।** ईद के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने रायगढ़ प्रवास के दौरान नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया के निवास पहुंचकर उन्हें और उनके परिवार को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उन्होंने न सिर्फऔपचारिक बधाई दी बल्कि परिवार के सदस्यों के साथ आत्मीयता से मुलाकात कर कुशलक्षेम भी जाना।

इस मुलाकात ने राजनीतिक सीमाओं से परे जाकर सामाजिक सौहार्द, प्रेम और भाईचारे का एक सकारात्मक संदेश दिया। दीपक बैज का यह सहज और आत्मीय व्यवहार उनके उस स्वभाव को दर्शाता है। जिसमें वे हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता और समाज के हर वर्ग को समान महत्व देते हैं। ईद जैसे पवित्र पर्व पर सलीम नियारिया के घर पहुंचकर उन्होंने न सिर्फ उनका मान बढ़ाया, बल्कि पूरे परिवार और स्थानीय समाज के बीच अपनत्व का भाव भी मजबूत किया। इस दौरान घर का माहौल पूरी तरह से पारिवारिकि और सौहार्दपूर्ण रहा जहां सभी ने मिलकर ईद की खुशियां दोगुनी हो गई।

इस अवसर पर चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ चंद्र देव राय, पूर्व विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव, पूर्व महापौर जानकी काटजू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विकास शर्मा वरिष्ठ पार्षद प्रदीप विजय चंद्र टोप्पो अक्षय कुलदीप अमृत काटजू ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, आशीष चौबे, देवेन्द्र साहू, नितेश तायल मण्डल उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण अग्रवाल, बरखा सिंह एवं परिवारिक सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के सदस्य, मोहल्लेवासी एवं कांग्रेस परिवार के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। सभी ने मिलकर एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी और आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

### टीपी नगर होटल के पास से असिस्टेंट इंजीनियर की ब्रेजा कार चोरी

**कोरबा, 23 मार्च।** कोरबा पूर्व डीएसपीएम में असि. इंजीनियर के पद पर कार्यरत किशोर कुमार 18 मार्च को रात्रि करीबन 11.20 बजे अपने ब्रेजा कार क्रमांक सीजी-07-सीजे-7836 से अपने दोस्त रूपेश ठाकुर के साथ टीपी नगर राजू होटल में खाना खाने गया था। वहीं पर दुकान के पास ही अपने कार को खड़ा कर होटल के अंदर गया। करीब 40-45 मिनट बाद खाना खाकर कर वापस आया तो जहां पर अपना कार खड़ा किया था, वहां पर कार नहीं था। अपने कार का आस-पास में पता तलाश किन्तु नहीं मिला। कार के अन्दर दोस्त रूपेश ठाकुर का एक नग छवजीपदह 1 कंपनी का मोबाईल जिसमें जियो कंपनी का सिम लगा है, रखा था। कार क्रमांक सीजी-07-सीजे-7836 की कीमती करीब 7 लाख 38 हजार रूपये है। किशोर कुमार की ओर से दर्ज रिपोर्ट पर सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र में अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 303(2) - बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।

### नगर पालिका परिषद दीपका में जनप्रतिनिधियों के साथ युवा कांग्रेस ने खोला मोर्चा

# विकास कार्यों पर भ्रष्टाचार व घटिया गुणवत्ता पर लगे गंभीर आरोप




**कोरबा , 23 मार्च।** नगर पालिका परिषद दीपका में विकास कार्यों के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई के बंदरबांट का एक बड़ा मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परिषद द्वारा शहर में स्ट्रीट लाइट खंभा पोल और केवल वार के लिए जारी 84 लाख रुपये के टेंडर के तहत हो रहे कार्यों पर भ्रष्टाचार और घटिया गुणवत्ता के गंभीर आरोप लग रहे हैं। इस मामले में अब स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ युवा कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है ।

गुणवत्ता से खिलवाड़ और थर्ड ग्रेड सामग्री का उपयोग

शिकायत के अनुसार दीपका नगर पालिका क्षेत्र में जो खंभे (पोल) और केवल वार का काम किया जा रहा है, वह बेहद निम्न स्तर का है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि 84 लाख जैसी बड़ी राशि आवंटित होने के बावजूद थर्ड ग्रेड की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जो न केवल सरकारी धन की बर्बादी है बल्कि भविष्य में बड़ी दुर्घटनाओं को भी निमंत्रण दे सकता है ।

#### पार्षद ने मुख्य सचिव से की शिकायत

इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद कमलेश कुमार जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव के पास औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। अपनी शिकायत में उन्होंने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि दीपका क्षेत्र के आम जनमानस के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है और टेंडर नियमों को ताक पर रखकर भारी भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है ।

#### युवा कांग्रेस की आर-पार की चेतावनी

मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। युवा कांग्रेस प्रदेश कमेटी के प्रदेश सचिव तनवीर अहमद ने प्रशासन और सरकार से इस कार्य की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा है कि यह किसी व्यक्ति विशेष का मामला नहीं है, बल्कि पूरे दीपका की जनता के हक की बात है 84 लाख रुपये की राशि छोटी नहीं होती और यदि इस राशि का उपयोग घटिया पोल और केवल वार के लिए किया जा रहा है, तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। अगर प्रशासन ने दोषियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं की तो हम चुप नहीं बैठेंगे और पूरी नगर पालिका परिषद का घेराव करेंगे ।

### सिंधी समाज ने चेट्रीचंड्र महोत्सव धूमधाम से मनाया

**कोरबा, 23 मार्च।** सिंधी समाज के इष्टदेव वरुणावतार भगवान श्री झूलेलाल सांई का 1076 वां जन्मोत्सव पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा की अगुवाई एवं सभी सहयोगी सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता के साथ दिनांक 20.03.2026 दिन शुक्रवार को समाज में बहुत ही धूमधाम, भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास से पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया।

सर्व प्रथम प्रातः 10 बजे पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्री अशोक चावलानी ने श्री बहराणा साहब की पूजा की।तत्पश्चात आरती कर सर्व समाज की मंगलकामनाओं के पलव किया गया। फिर भंडारा प्रसाद में सिंधी समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी श्रद्धा से भोजन ग्रहण किया। प्रातः 10 बजे से ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें समाज व आसपास के अन्य समाज के युवाओं से कुल 108 यूनिट रक्त प्राप्त हूआ। इसके पुर्व दोपहर आम भंडारा के लिए तैयार भोजन में से प्रथम प्रसाद के रूप में 100 बेड हास्पिटल में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए भोजन श्री टेकचंद रामानी व मिका मोटवानी की अगुवाई में भेजा गया। जहां जाकर स्वयं समाज के युवाओं ने लगभग 350 परिजनों को भोजन व गोदड़ी वाला धाम की ओर से फल की सेवा दी। शाम 6 बजे श्री झूलेलाल मंदिर कोरबा से भगवान श्री झूलेलाल सांई के जन्म महोत्सव पर केक काटकर श्री बहराणा साहब की शोभायात्रा निकाली गई जो रानी रोड, मेन रोड,पावर हाउस रोड में भगवान श्री झूलेलाल सांई के भजनों पर समाज के पारंपरिक नृत्य एवं छेज (सिंधी डांडिया) करते करते डी डी एम रोड होते हुए श्री गोदड़ी वाला धाम में पूर्ण हुई।

# एक नजर

## रैंप योजना अंतर्गत लघु वनोपज आधारित फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण सम्पन्न

**रायपुर, 23 मार्च।** भारत सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत सीएसआईडीसी, रायपुर के बैनर तले तथा निम्स्मे, हैदराबाद के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), भाटापारा में 19 से 21 मार्च 2026 तक सेक्टर-विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण लघु वनोपज (माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस) आधारित फूड प्रोसेसिंग पर केंद्रित था। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए लघु वनोपज के मूल्य संवर्धन, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा विपणन के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बलौदाबाजार जिले के उद्यमियों, महिला उद्यमियों तथा महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान श्रीमती दीपमाला लकरा द्वारा लघु वनोपज से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की तकनीक, मार्केटिंग, ब्रांडिंग तथा आवश्यक प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, भाटापारा के प्रबंधक श्री जितेंद्र धिरही ने प्रतिभागियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। साथ ही प्रायोगिक सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को चीकू, तेंदू आदि से आइसक्रीम, अचार एवं जूस जैसे उत्पाद बनाना सिखाया गया। समापन अवसर पर डॉ. सविता राजपूत द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों में सीखने एवं स्वरोजगार के प्रति विशेष उत्साह देखा गया।

## केला उत्पादन से बढ़ी आमदनी, उद्यानिकी खेती से मिला नया सहारा

**रायपुर, 23 मार्च।** खेती में कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने की सोचते हैं तो केले की खेती करना भी बेस्ट ऑप्शन हो सकता है, लेकिन इसके लिए सही विधि से केले की खेती करना आना चाहिए। अगर आप प्राकृतिक विधि से खेती करते हैं, तो इसकी लागत भी कम आती है और मुनाफा भी अच्छा होता है। कहते हैं खेती में नई तकनीक और सही फैसले किसान की तकदीर बदल देते हैं, और इसे सच कर दिखाया है बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम कपसिया कला के किसान श्री हेतराम मनहर ने। पारंपरिक धान की खेती छोड़कर केला उत्पादन अपनाने वाले श्री मनहर आज लाखों रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत केला (जी-9 किस्म) की खेती शुरू की। विभाग से प्राप्त तकनीकी सहयोग, उन्नत पौध सामग्री एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग से उन्होंने लगभग 0.900 हेक्टेयर क्षेत्र में केला फसल का रोपण किया। उचित देखभाल और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से उन्हें लगभग 510 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। इस फसल में करीब 1.70 लाख रुपये की लागत आई, जबकि 4 से 5 लाख रुपये तक की आय अर्जित हुई, जो पारंपरिक खेती की तुलना में कई गुना अधिक है। श्री हेतराम मनहर ने कहा कि प्राकृतिक खेती लागत कम करने के साथ-साथ फसल उत्पादन बढ़ाने में भी सक्षम है। केले की खेती लगभग पूरे भारतवर्ष में की जाती है। गर्म और सम जलवायु केला की खेती के लिए उत्तम होती है। प्राकृतिक खेती से न केवल खेती की लागत कम होती है, बल्कि यह मिट्टी की उर्वरता और फसल की गुणवत्ता भी बढ़ाती है। केला उत्पादन से हुई अतिरिक्त आय ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। अब वे परिवार की जरूरतों के साथ बच्चों की शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं पर भी बेहतर ध्यान दे पा रहे हैं। श्री हेतराम मनहर की यह सफलता क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रही है और यह दर्शाती है कि फसल परिवर्तन एवं आधुनिक खेती अपनाकर बेहतर आय अर्जित की जा सकती है।

## 'बिहान' से जुड़कर संवर रही ग्रामीण महिलाओं की आजीविका

**रायपुर,23 मार्च।** महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और निर्णय लेने में सक्षम बनाना है, ताकि वे पुरुष के बराबर अधिकार और सम्मान प्राप्त कर सकें। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाकर लैंगिक असमानता को खत्म करने की एक प्रक्रिया है। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) ग्रामीण अंचलों में महिलाओं के जीवन में नई रोशनी ला रही है। सरगुजा जिले में इस योजना के माध्यम से हजारों महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रही हैं।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ पहुंचना शुरू

### अरुणाचल के वेटलिफ्टरों का विमानतल पर रंगारंग स्वागत






**रायपुर, 23 मार्च।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भागीदारी के लिए खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ पहुंचना शुरू हो गया है। आज सवेरे अरुणाचल प्रदेश के वेटलिफ्टरों का 14 सदस्यीय दल रायपुर पहुंचा। इनमें 13 खिलाड़ी और एक सपोर्टिंग स्टॉफ शामिल है। खिलाड़ियों के छत्तीसगढ़ आगमन पर रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर राऊत नाचा दल की रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा साई (स्न्ढ्ढ) के अधिकारियों ने गुलाब भेंटकर सभी खिलाड़ियों का हार्दिक स्वागत किया। 23 मार्च को कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खिलाड़ी बड़ी संख्या में रायपुर पहुंचेंगे। देश में पहली बार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन छत्तीसगढ़ के तीन शहरों - रायपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में किया गया है। इसमें देशभर के करीब तीन हजार जनजातीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़वासियों को सात खेलों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। इस दौरान पुरुष और महिला वर्गों में हॉकी, फुटबॉल, कुश्ती, एथलेटिक्स, तैराकी, तीरंदाजी और वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिताएं होंगी।

### खेती की आधुनिक पद्धतिः ड्रिप, स्प्रिंकलर से सब्जी उत्पादन में मिली बड़ी सफलता

# रासायनिक उर्वरकों का कम उपयोग प्राकृतिक व जैविक खेती को प्रोत्साहन

**रायपुर, 23 मार्च।** मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और उत्पादन भी अच्छा मिलता है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी खेती में ड्रिप इरिगेशन (ड्रिप सिस्टम) जैसी आधुनिक तकनीक को अपनाया है। इस तकनीक से पानी की बचत होती है और पौधों को सही मात्रा में पानी और पोषक तत्व मिलते हैं, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बेहतर होती हैं। छत्तीसगढ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम जमगहन के युवा किसान रमेश प्रेमी आज आधुनिक और जैविक खेती के माध्यम से एक सफल किसान के रूप में पहचान बना चुके हैं। अपनी मेहनत, नई तकनीक और जैविक पद्धति से खेती करके आज एक मिसाल कायम की है। वर्तमान में वे लगभग 5 एकड़ भूमि में खेती कर रहे हैं और आय से खेती को और अधिक उन्नत करने का प्रयास कर रहे हैं। रमेश प्रेमी मुख्य रूप से सब्जी की खेती करते हैं। उनकी प्रमुख फसलें खीरा, लौकी, करेला, टमाटर और बैंगन हैं। इनमें भी वे सबसे अधिक करेला की खेती करते हैं, जिससे उन्हें अच्छा उत्पादन और मुनाफा मिलता है। इसके अलावा वे इंटरक्रॉपिंग पद्धति भी अपनाते



हैं, जिसमें चना (बूट), प्याज, अदरक और हल्दी की खेती भी करते हैं। इससे उनकी जमीन का बेहतर उपयोग होता है और आय के अतिरिक्त स्रोत भी बनते हैं। रमेश प्रेमी की खेती की सबसे खास बात यह है कि वे जैविक खेती को अधिक प्राथमिकता देते हैं। वे रासायनिक उर्वरकों का कम उपयोग करते हैं और प्राकृतिक व जैविक तरीकों से खेती करते हैं। रमेश प्रेमी को खेती में बिलाईगढ़ कृषि और उद्यानिकी विभाग से भी समय-समय पर सहयोग और मार्गदर्शन मिलता है। नई तकनीक और आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर वे अपनी खेती को और अधिक उन्नत बना रहे हैं। उनकी खेती से न सिर्फ उन्हें आर्थिक लाभ मिल रहा है, बल्कि वे गांव में 10 ग्रामीण महिलाओं को पूरे साल रोजगार भी दे रहे हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है और गांव में रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं।

युवा किसान रमेश प्रेमी ने बीफार्मेसी की पढ़ाई की है। पढ़ाई पूरी करने के बाद कुछ समय तक उन्होंने मेडिकल और हॉस्पिटल क्षेत्र में भी काम किया, लेकिन वर्ष 2016 से उन्होंने खेती को अपना मुख्य व्यवसाय बनाने का निर्णय लिया। कोरोना काल के बाद उन्होंने पूरी तरह से हॉस्पिटल का काम छोड़कर खेती में ही अपना पूरा समय देना शुरू कर दिया है। पढ़ाई से मेडिकल क्षेत्र से जुड़े होने के बावजूद उन्होंने खेती को अपना कर यह साबित कर दिया कि यदि खेती वैज्ञानिक और नई तकनीकों के साथ की जाए तो यह किसी भी नौकरी से कम नहीं है।

शुरुआत में लोगों को यह फैसला थोड़ा अटपटा लगा। रमेश प्रेमी बताते हैं कि ष्मैंने मेडिकल फील्ड की पढ़ाई की है, लेकिन मुझे लगा कि खेती में ज्यादा संभावनाएं हैं। कई किसान बिना पढ़ाई के भी अच्छी खेती कर रहे हैं, इसलिए मैंने सोचा कि अगर मैं पढ़ाई और नई तकनीक के साथ खेती करूं तो इससे बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। आज उसका परिणाम सामने है। ष्वे आगे युवाओं को संदेश देते हुए कहते हैं कि जैविक खेती और सब्जी उत्पादन के माध्यम से किसान अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। यदि युवा आधुनिक तकनीक, मेहनत और सही मार्गदर्शन के साथ खेती करें तो यह एक सफल और सम्मानजनक व्यवसाय बन सकता है। खेती को यदि वैज्ञानिक तरीके से किया जाए तो यह एक बहुत अच्छा व्यवसाय बन सकता है।

## पीएमजीएसवाई विभाग की तत्परता से 2.45 किमी सड़क का कार्य मानक अनुसार कराया गया पूर्ण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 मार्च।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आरडीसी रोड से बाकल लंबाई 2.45 किलो मीटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्माण के दौरान विभाग द्वारा गुणवत्ता मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतत निगरानी रखी गई। वर्तमान में पूरे मार्ग का डामरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा गुणवत्ता परीक्षण में कार्य संतोषजनक पाया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पीएमजीएसवाई के तहत सड़कों की मजबूती और दीर्घकालिक गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिक उद्देश्य है। अधीक्षण अभियंता दुर्ग संभाग श्री बीएस पटेल द्वारा सड़क का निरीक्षण किया गया, जिसमें पूर्व में बिछाए गए ओवरहीट मटेरियल एवं उसके स्थान पर किए गए सुधार कार्य की समीक्षा की गई। उन्होंने सुधार कार्य को मानक अनुरूप पाते हुए संतोष व्यक्त किया।

कार्यपालन अभियंता ने बताया कि डामरीकरण के दौरान ठेकेदार लेखराम साहू के प्लांट में अचानक तकनीकी खराबी आने से डामर मिश्रण ओवरहीट हो गया, जो उपयोग के लिए अनुपयुक्त था। निरीक्षण के उपरांत ऐसे मटेरियल को तत्काल हटाकर पुनः मानक अनुसार डामरीकरण कराया गया।

इसके बाद पुनः प्लांट में आई खराबी के कारण बिछाए गए अनुपयुक्त मटेरियल को भी ग्रेडर के माध्यम से हटवाकर अगले ही दिन उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराया गया। तकनीकी अधिकारियों की उपस्थिति में प्रभावित हिस्सों का पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया गया। कार्य में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ठेकेदार को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कोटा-लोरमी-पंडरिया सड़क के लिए 84.89 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर, 23 मार्च।** राज्य शासन ने मुंगेली जिले में कोटा-लोरमी-पंडरिया राज्य मार्ग के लिए 84 करोड़ 89 लाख 35 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से केन्द्रीय सड़क निधि योजनांतर्गत पुल-पुलियों के निर्माण के साथ ही 11 किमी सड़क का मजबूतीकरण और उन्नयन किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है। कार्य पूर्ण किये जाने के लिए अनावश्यक समय-सीमा वृद्धि नहीं किए जाने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं। अपरिहार्य एवं नियंत्रण से बाहर मान्य कारणों के आधार पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा समय-सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।

## श्रमिक सम्मेलन में 1200 श्रमिकों को मिली योजनाओं की सौगात

**रायपुर,23 मार्च।** श्रमिक प्रतीक्षालय, बृहस्पति बाजार, बिलासपुर में आज श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री अमर अग्रवाल उपस्थित रहे। अध्यक्षता महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने की। सम्मेलन में लगभग 1200 श्रमिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीकृत श्रमिक हितग्राहियों को कुल 1 करोड़ 36 लाख 88 हजार 500 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में अंतरित की गई। मुख्य अतिथि द्वारा मंच से हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान 6 चयनित हितग्राहियों को ई-रिक्शा की चाबियां वितरित कर उन्हें स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री अमर अग्रवाल ने अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित करने, उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## मछली पालन से बदली किसान जनक की तकदीर

**रायपुर, 23 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में किसानों को परंपरागत खेती से आगे बढ़ाकर वैकल्पिक एवं लाभकारी आजीविका अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भीतघरा के किसान जनक यादव ने मछली पालन अपनाकर सफलता की नई मिसाल प्रस्तुत की है। किसान जनक यादव ने परंपरागत धान की खेती के स्थान पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ लेकर अपने खेत में दो तालाबों का निर्माण कराया। इसके लिए उन्हें शासन से 4 लाख 20 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। साथ ही मत्स्य पालन विभाग द्वारा मत्स्य बीज, जाल एवं आइस बॉक्स जैसी आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने आधुनिक पॉन्ड लाइनर तकनीक को अपनाकर मछली पालन शुरू किया, जिससे उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। किसान का कहना है कि धान की खेती की तुलना में मछली पालन में अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है, क्योंकि इसमें वर्षभर उत्पादन संभव है, जबकि धान में केवल एक फसल ही ली जा सकती है। जनक यादव पिछले तीन-चार वर्षों से मछली पालन कर रहे हैं और इससे उन्हें निरंतर आय प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने इस कार्य में अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है, जिससे ग्रामीण स्तर पर आजीविका के नए अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने बताया कि पॉन्ड लाइनर तकनीक से तालाब में पानी का स्तर बनाए रखना आसान होता है। आवश्यकता पड़ने पर पंप के माध्यम से पानी भरकर संतुलन बनाए रखा जा सकता है। इसके अलावा ऑक्सीजन युक्त प्रणाली से मछलियों की बेहतर वृद्धि सुनिश्चित होती है। किसान जनक यादव ने अन्य किसानों से अपील की है कि वे भी मछली पालन जैसे वैकल्पिक व्यवसाय को अपनाकर अपनी आय बढ़ाएं और केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

# विश्व वानिकी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**रायपुर, 23 मार्च।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर 21 मार्च को बलौदाबाजार वनमंडल में जनजागरूकता, सहभागिता और संवाद आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि वन हमारे जीवन, आजीविका और भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने वन संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन जैसे विषयों पर अपने विचार रचनात्मक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वन एवं वन्यजीव अपराध अन्वेषण एवं अभियोजन विषय पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। इसमें अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्री राकेश कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री गिरीश पाल सिंह तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट कसडोल सुश्री श्वेता मिश्रा की उपस्थिति रही। कार्यशाला में वन्यजीव अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधान, जांच प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन एवं न्यायालयीन कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को विधिक प्रक्रियाओं की बेहतर समझ मिली। वनमंडलाधिकारी श्री धम्मशील गणवीर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वनों का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर वन संरक्षण के प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उप वनमंडलाधिकारी श्री निश्चल शुक्ला, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अजय मिश्रा, बारनवापारा अभयारण्य के अधीक्षक श्री कृषानू चन्द्राकार सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### कृषक सेवा सहकारी सोसाइटी का उद्घाटन

# भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है: अनिल पांडे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 23 मार्च।** ग्राम कचलोन में नव स्थापित कृषक सेवा सहकारी सोसाइटी के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान नेता भाटापारा विधानसभा अनिल पांडे ने कहा भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है हमने यहां के किसानों से वादा किया था कि यहां की समिति को शिमला से अलग करके देंगे और आज हम वह वादा पूरा कर रहे हैं श्री पांडे ने कहा आप सबको अब धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा अब kachlon aur tendubhata के किसान यहां पर अपने उत्पादन को बेचेंगे आप सबको बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं श्री पांडे ने बताया यहां पर 653 किसान पंजीकृत है अब उनको खाद बीज के लिए simga जाने की आवश्यकता नहीं है सारा चीज आपके ग्राम पर ही उपलब्ध होगा श्री पांडे ने कहा प्रदेश में विष्णु देव की सरकार है और विकास के लिए किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी



विष्णु देव की सरकार किसान के लिए नौजवान के लिए महिलाओं के लिए युवाओं के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ हो ऐसा काम कर रही है और निश्चित तौर पर आज यहां पर यह उद्घाटन इस बात का प्रमाण है कि किस के लिए भी सरकार कितनी चिंतित है श्री पांडे ने उपस्थित सभी ग्राम वासियों को अपने बीच बुलाकर आदमी स्वागत करने के लिए दिल से बधाई दी और वादा किया कि ग्राम में जो भी विकास के काम हुए हैं वह भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किए गए हैं और आगे भी ग्रामवासी जो भी काम बोलेंगे उसको करने का प्रयास करेंगे आप सबको बहुत-बहुत धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अविनाश शर्मा ने कहा आज मेरे पापा पश्चिम बंगाल के चुनाव में बाहर है उनकी जगह मुझे आपकी ग्राम में आने का अवसर मिला मैं आप सबको धन्यवाद देता हूं गांव वाले को धन्यवाद देता हूं कि एक नया कदम आपके ग्राम में विकास के लिए अग्रसर हो रहा है सभी किसानों को मैं दिल से साधुवाद देता हूं श्री शर्मा ने कहा कि विकास के लिए मेरे पापा शिव रतन शर्मा जी के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहे हैं और आगे भी जन सेवा के माध्यम से जो भी कार्य होगा उसको करने का प्रयास किया जाएगा मैं अपने पापा को अपना आदर्श मानता हूं और उनके नेतृत्व में जो भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में विकास हो रहा है उसे विकास को और कैसे आगे बढ़ाना है उसके लिए हमेशा प्रयासत रहूंगा आप सबके बीच में आकर मुझे बहुत अच्छा लगा आप सबको मैं दिल से धन्यवाद देता हूं और आपने जो आदमी स्वागत किया इसके लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री समिति के अध्यक्ष छोटू यादव जी जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष आशीष टोडर जी कामता समिति के अध्यक्ष रोहित साहू जी भोसरी समिति के अध्यक्ष पारस साहू जी पार्षद शिमला अनूप तिवारी जी अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष हेमलाल कुर्रे जी विनोद वर्मा जी बिसाऊ साहू जी नीलकमल निषाद जी दुखला साहू जी बैंक के प्रबंधक लहरी साहब आर्यन साहू जी राजू कसले जी जीते निषाद जी और गांव के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु माता बहने उपस्थित थी।

# बाबा मरसपोटा धाम में नवरात्रि ज्योति प्रज्ज्वलित, शिव महापुराण का आयोजन

**राजनांदगांव 23 मार्च।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा स्थित बाबा मरस पोटा धाम में नवरात्रि ज्योति प्रज्ज्वलित के साथ 20 मार्च से 26 मार्च शिव महापुराण से प्रारंभ 19 मार्च को पूजा अर्चना कर अभिजीत मुहूर्त में दोपहर ज्योति प्रज्ज्वलित किया गया और नवरात्रि नवदिन भंडारा का शुभारंभ किया जाएगा । बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक श्री राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि राजनांदगांव शहर से 16 किलो मीटर दूर वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में शिव महापुराण कथा व्यास श्री खिलेश कृष्ण दुबे जी ने बहुत ही सुन्दर तरीके से उन्होंने शिव महापुराण का महत्व का वर्णन किया 21 मार्च को शिव महापुराण दुसरा दिन शिव लिंग प्राकट्य नारद मोह कथा का वर्णन किया जाएगा

बाबा मरस पोटा धाम में 21 फीट भव्य हनुमान जी/17 फीट जय मां महाकाली 18 फीट नंदी महाराज 12 ज्योतिलिंग/शनि देव/विशाल कछुआ/गणपति जी मूर्ति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है

बाबा मरस पोटा आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं के लिए वरदान साबित हो रहा है

बाबा मरस पोटा धाम आर्थिक रूप से कमजोर परिवारो के लिए वरदान साबित हो रहा है कन्या विवाह बड़ी धूमधाम से किया जाता है समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के कन्याओं को यह नहीं लगाना चाहिए कि आर्थिक तंगी के कारण शादी नियम से नहीं हुई इस लिए हमारी कन्या विवाह समिति बनाई गई है कन्या विवाह में जय माला सेटअप/हल्दी/ फेरा /बारात स्वागत/बराती ओ के लिए भोजन प्रसादी समिति द्वारा की जाती है 23 मार्च एवं 24 मार्च को कन्या विवाह का आयोजन किया गया है

### हर वर्ष सौ दिन भंडारा

बाबा मरस पोटा धाम में क्वांर एवं चैत्र नवरात्र/11 दिन गणपति/1 माह सावन माह साहित हनुमान जन्मोत्सव/महाशिवरात्रि/तीज त्यौहार/ कन्या विवाह सहित अन्य पर्व में भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाता है

### 41 फीट विशाल त्रिशूल निर्माण कार्य जारी

बाबा मरस पोटा धाम में 41 फीट ऊंचा भव्य त्रिशूल निर्माण कार्य जारी है 35 सौ वर्ग फिट गोल परिक्रमा के लिए चबुतरा निर्माण कार्य किया गया 30 फीट कालम ढ़लाई कार्य पूर्ण हो चुकी है ।

# प्रदेश की जेलों में नवरात्रि की धूम, बंदी रख रहे उपवास

**रायपुर, 23 मार्च।** छत्तीसगढ़ की सभी जेलों में नवरात्रि पर्व को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर परिरुद्ध बंदियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे वे धार्मिक आस्था के अनुरूप उपवास एवं पूजा-अर्चना कर सकें।



प्रदेश की जेलों में कुल 2397 बंदी नवरात्रि का उपवास कर रहे हैं, जिनमें 2125 पुरुष एवं 272 महिला बंदी शामिल हैं। यह आंकड़ा न केवल आस्था की गहराई को दर्शाता है, बल्कि जेलों में सकारात्मक और आध्यात्मिक वातावरण के सृजन का भी परिचायक है। इसमें रायपुर संभाग के 1140 बंदी, दुर्ग संभाग में 243 बंदी, बिलासपुर संभाग में 407 बंदी, सरगुजा संभाग में 361 बंदी, बस्तर संभाग में 246 बंदी अपनी आस्था अनुसार उपवास का पालन कर रहे हैं।

नवरात्रि के दौरान जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को फलाहार, स्वच्छ पेयजल, पूजा सामग्री एवं निर्धारित समय पर आरती-पूजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से बंदियों के मनोबल को सुदृढ़ करने और उनमें सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह पहल न केवल बंदियों की धार्मिक आस्था का सम्मान है, बल्कि उनके मानसिक एवं आध्यात्मिक पुनर्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

विगत दिनों विधानसभा में उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया था कि जेलों को अब सजा घर नहीं बल्कि सुधार एवं पुनर्वास गृह के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 23 मार्च। बलिदान दिवस पर शहीद भगत सिंह को याद करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आज जुलूस निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## एक नजर

### मोदी का हर क्षण विकसित भारत के संकल्प को समर्पित : पांडेय

**रायपुर, 23 मार्च।** भाजपा सांसद व मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



लोकतांत्रिक व्यवस्था में 8931 दिनों तक विभिन्न दायित्वों का निर्वाहन ऐतिहासिक है। उनकी यह यात्रा विकसित भारत के संकल्प को समर्पित है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीति में सेवा, सुशासन और पारदर्शिता की नई परंपरा स्थापित की है, जिसका सीधा लाभ देश के करोड़ों नागरिकों को मिला है। सांसद पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार राष्ट्र का विकास हो रहा है। बुनियादी ढांचे के अभूतपूर्व विस्तार, डिजिटल क्रांति, स्टार्टअप संस्कृति और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। गरीब कल्याण योजनाओं, जनधन, उज्जवला, आयुष्मान भारत और हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के प्रयासों ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाई है। संतोष पांडेय ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंचों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

### घर तोड़कर पीएम आवास की किश्त के लिये भटक रहे हितग्राही : कांग्रेस

**रायपुर, 23 मार्च।** पीएम आवास के हितग्राहियों को तत्काल किश्त देने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद पीएम आवास के हितग्राहीयों को मकान बनाने क़िस्त की राशि नही मिली है ।सरकार पर भरोसा कर के पीएम आवास बनने का सपना सँजोये हजारों हितग्राहियों ने अपना कच्चा मकान को तोड़ दिया ।अब स्थिति ये है कि किश्त नही मिलने के कारण किसी के मकान का सिर्फकालम डला है तो किसी के मकान तीन फीट तक ईंटों से जोड़ाई हो पायी है तो किसी का मकान छत ढलाई के लिये पैसा के कारण अटका हुआ है ।जिसके कारण हजारों हितग्राही पिछले छ महीने से किराये के मकान में रहने मजबूर है। ये डबल इंजन सरकार की मनमानी के कारण हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा डबल इंजन की सरकार पीएम आवास में अपनी उपलब्धि बताने मोदी के साथ फ़ोटो लगाकर बड़ी बड़ी विज्ञापन बोर्ड जगह जगह लगाई है जबकि धरातल में पीएम आवास की क़िस्त के लिए हितग्राही भटक रहे है ।क़िस्त नही मिलने के कारण निर्माण का खर्चा बढ़ गया है ।हितग्राही कर्ज लेकर मकान निर्माण कराने एवं मजदूरों का पारिश्रमिक भुगतान करने मजबूर है।

### योगेश ने किए शक्तिपीठों के दर्शन



**रायपुर, 23 मार्च।** चैत्र नवरात्रि पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने बेमेतरा स्थित माँ भद्रकाली मंदिर, शीतला माता मंदिर एवं महामाया माता मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा समस्त जिलेवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की इस दौरान उन्होंने माता रानी के दरबार में श्रद्धापूर्वक मत्था टेकते हुए क्षेत्र में शांति, समृद्धि, अच्छी फसल, किसानों की उन्नति, युवाओं के उज्वल भविष्य एवं समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव की प्रार्थना की। योगेश तिवारी ने कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व हमारी आस्था, श्रद्धा और शक्ति का प्रतीक है।

## गुढ़ियारी में सड़क चौड़ीकरण का विरोध

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के सामने धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी, मौके पर पुलिस बल तैनात



**रायपुर, 23 मार्च।** राजधानी के गुढ़ियारी इलाके में आज सड़क चौड़ीकरण को लेकर स्थानीय जनता और राजनीतिक-सामाजिक संगठन सड़क पर उतर आए। कांग्रेस, भीम आर्मी और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के समर्थक बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया है। साथ ही बुलडोजर कार्रवाई के लिए निगम और जिला प्रशासन मौके पर मौजूद है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 40-50 सालों से उनकी दुकानें यहां पर है और मुआवजा भी दिया जा चुका है। प्रदर्शनकारी बता रहे हैं कि, जो जगह हमें दी गई थी उससे अधिक जगह को तोड़ा जा रहा है। हमारी केवल दुकान ही जीवनयापन का सहारा है। अगर उसे भी तोड़ दिया गया तो हमारा जीवनयापन कैसे होगा। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुमार मेनन ने कहा कि क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत पिछले सात सालों में गरीबों को परेशान करते रहे हैं। उन्होंने कहा, पहाड़ी चौक, मंगल बाजार और शुक्रवारी बाजार की सभी दुकानों को तोड़ा जा रहा है। जितनी जगह दी गई थी, उससे अधिक तोड़ा जा रहा है। हम इस कार्रवाई के खिलाफ लगातार विरोध करते रहेंगे। इस मामले में नायब तहसीलदार प्रवीण परमान ने बताया कि यह कार्रवाई पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि जितनी दुकानें थीं, उसका मुआवजा पहले ही दिया जा चुका है और सभी के अनुमति पत्र मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आज बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है।

गौरतलब है कि प्रदर्शन और प्रशासनिक कार्रवाई के बीच इलाके में रोड जाम की स्थिति बन गई है। स्थानीय लोग और राजनीतिक संगठन बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई नियमों और मुआवजा के अनुसार की जा रही है।

# महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें : दिनेश मिश्र

**रायपुर, 23 मार्च।** प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ एवं अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने जिला स्तरीय महिला जागृति शिविर में कहा महिला जागृति का अर्थ है, महिलाओं को उनके अधिकारों, उनकी क्षमताओं और उनके सामाजिक महत्व के बारे में जागरूक करना, जबकि अंधविश्वास महिला जागृति की राह में लिए एक बड़ा बाधक तत्व है.अंधविश्वास के कारण जब कुछ महिलाएं अपने अधिकारों और क्षमताओं को नहीं समझ पाती है तो वे अपने भविष्य को संवारने में न सक्षम होती हैं, और न दूसरों को प्रेरित कर पाती हैं.

धरसीवां विकासखंड ग्राम गोढ़ी मोहदी के शासकीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ दिनेश मिश्र ने कहा बालिका शिक्षा महिलाओं में जागृति का एक महत्वपूर्ण साधन है एक बालिका को शिक्षित करने से न केवल वह बल्कि भविष्य का पूरा एक परिवार शिक्षित होता है साथ ही महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में पता चलता है अच्छी शिक्षा के साथ ही महिलाओं को परिवार एवं समाज का समर्थन भी आवश्यक है इससे भी वह अपने भावी कदमों को तय करने एवं मंजिल प्राप्त करने के लिए न केवल प्रेरित होती है बल्कि सफल भी होती है. महिलाओं को जागृत करने में स्थानीय महिला समूहों, संगठनों की भी एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है वह उन्हें राह दिखाने करने तथा उनके उत्साह वर्धन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं शासन के द्वारा संचालित योजना की महिलाओं में जागृति एवं क्षेत्र का प्रचार करने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं बल्कि एक महिला के सुशिक्षित, जागरूक होने से समाज में बहुत सारे सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं उनकी स्थिति में सुधार होगा उनके अधिकारों का सम्मान होगा और महिलाओं की भागीदारी समाज की विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ेगी.



## रायपुर में सजेगा ट्राइबल गेम्स का मंच, छत्तीसगढ़ के 200 खिलाड़ी होंगे शामिल

**रायपुर, 23 मार्च।** 25 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स 2026 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर बड़े खेल आयोजन की मेजबानी के लिए तैयार है। देशभर से आने वाले 1069 खिलाड़ी और ऑफिशियल्स के ठहरने, आवागमन और प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन और खेल विभाग ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में शामिल होने वाले खिलाड़ियों और उनके ऑफिशियल्स को रायपुर के 7 अलग-अलग होटलों में ठहराया जाएगा। खासतौर पर वीआईपी रोड और आसपास के प्रमुख होटलों में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जहां सुरक्षा, भोजन और अन्य जरूरी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। ट्राइबल गेम्स में इस बार स्विमिंग, वेटलिफ्टिंग, हॉकी, फुटबॉल और तीरंदाजी जैसी प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन खेलों में केवल जनजातीय वर्ग के खिलाड़ी ही हिस्सा लेंगे, जिससे देशभर की पारंपरिक और उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

# स्कूल को डेस्क और बेंच सेट प्रदान



**रायपुर, 23 मार्च।** चैत्र नवरात्र की पंचमी पर चरामेति शिक्षा सेवा के अंतर्गत खो खो पारा पुरानी बस्ती स्थित शासकीय प्राथमिक शाला को स्मार्ट क्लास हेतु 5 नग डेस्क - बेंच सेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन रवीन्द्र कुमार मरकाम एवं धन्यवाद मनहरणलाल कैवर्त्य द्वारा किया गया। फउंडेशन के राजेंद्र ओझा ने बताया कि पुष्पा बेन नरेंद्र भाई सांगाणी ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में उक्त सामग्री शाला को प्रदान की। यह कार्यक्रम डॉ. मृणालिका ओझा, पी अखिलेश, लोकेश साहु, मनबोधी कुर्मी, शिवप्रसाद रावटे, आकांक्षा तिवारी, प्रदीप देवांगन, ब्रज किशोर साहू, कीर्तीलता श्रीवास्तव, ज्योति बाला थवाईत, दीपिका गुप्ता, दीप्ति गुप्ता आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ?

## बलिदान दिवस पर शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि



**रायपुर, 23 मार्च।** शहीद भगत सिंह को शहादत दिवस पर एसआरपी चौक के किनारे उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। महापौर मीनल चौबे ने समस्त राजधानीवासियों की ओर से शहीद भगत सिंह को शहादत दिवस पर सादर नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की। आयोजन में प्रमुख रूप से नगर निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, छ.ग. राज्य अल्प संख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबडा, नगर निगम सस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, सिख समाज के सुखबीर सिंह सिधोत्रा, जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह सहित बडी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्यजनों, नवयुवको, आमजनों ने शहीद भगत सिंह को शहादत दिवस पर सादर नमन किया।

## जयंती पर हेमू कालाणी याद किए गए



**रायपुर, 23 मार्च।** शहीद हेमूकालाणी की जयंती पर कचहरी चौक के समीप स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष रायपुर नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 2 के सहयोग से उन्हे सादर नमन करने संक्षिप्त पुष्पाजलि आयोजन रखा गया। पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर प्रमुख रूप से सयपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकात राठौड, छ ग. राज्य अल्प संख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबडा, पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, सस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार भारती बागल, रायपुर नगर निगम के पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, सिधी क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालाणी जयती आयोजन समिति अध्यक्ष किशोर आहूजा, पदाधिकारी अनेश बजाज, साहित्यकार साई जलकुमार मसंद, अनुप मसद, सामाजिक कार्यकर्ताओ, गणमान्यजनों, नवयुवको, सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में मूर्ति स्थल पर पहुंचकर शहीद हेमूकालाणी को जयती पर सादर नमन किया।

# 33 विप्र महिलाओं को शिखर सम्मान



**रायपुर, 23 मार्च।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. द्वारा प्रतिवर्षानुसार नवरात्रि के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ की विभिन्न विधा के ख्यातिलब्ध विप्र नारी शक्ति का महिला शिखर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथिगण लक्ष्मी वर्मा सांसद राज्यसभा, मीनल चौबे, महापौर, रायपुर, शताब्दी पाण्डेय भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष, बाल आयोग, अर्चना झा डिप्टी कमिश्नर ऑफ पोलिस, रायपुर एवं हेमलता शर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा, जांजगीर ने किया।

लक्ष्मी वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिला शक्ति को जागरूक कर विभिन्न रोजगार के विपय में बताया, मीनल चौबे ने नारी की शक्ति व स्वयं के कार्यों व चुनौतियों के बारे में बताया. शताब्दी पाण्डेय ने नारी शक्ति को नारायणी कहते हुए घर परिवार और राष्ट्र के एकता के बारे में बताया. अर्चना झा ने सभी नारी शक्ति के अंदर छुपे हुए हुनर को जागने और आत्म बल बढ़ने पर चर्चा किया.

प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से समाज में उलेखनीय कार्य हेतु चयनित 33 विप्र नारी शक्ति का शॉल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर आतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।, जिनके नाम व कार्य क्षेत्र निम्नानुसार हैं- 1. शशि शर्मा अनामिका, रायपुर - साहित्य लेखन, 2. डॉक्टर चारू तिवारी, रायपुर - चिकित्सा एवं समाजसेवा, 3. स्मृता मिश्रा, बिलासपुर - सफल उद्यमी एवं महिला जागरण, 4. सरोज तिवारी, बेमेतरा - शिक्षा व समाजसेवा, 5. शोभिता पाठक मिश्रा, रायपुर- महिला जागरण एवं समाजसेवा 6. मधु तिवारी, रायपुर - साहित्य लेखन 7. अभिलाषा झा, भाटापारा - कला और फैशन, 8. पूर्णिमा तिवारी, बिलासपुर - काव्य पाठ व साहित्य लेखन 9. डॉ. वर्षा शर्मा, कसडोल - शिक्षा एवं साहित्य लेखन, 10. उन्नति शुक्ला, रायपुर - शिक्षा व समाजसेवा, 11. अपर्णा तिवारी, रायपुर - शिक्षा व समाजसेवा, 12. सुधा शर्मा, राजिम - साहित्य लेखन, 13. अंकिता पाण्डेय शुक्ला, बिलासपुर - बालिका जागरण, 14. श्रद्धा पाठक स्वस्ति, रायपुर - साहित्य लेखन 15. संध्या मिश्रा, रायपुर - शिक्षा व सहित्य लेखन, 16. सुश्री तनुश्री तिवारी, रायपुर- स्वान एवं पशु सेवा, 17. लता शुक्ला, रायपुर - महिला सशक्तिकरण एवं समाजसेवा 18. किरण शर्मा, भिलाई - शिक्षा सेवा, 19. सुजाता दुबे, रायपुर - कत्थक नृत्य 20. अनुराधा भारद्वाज, दल्लीराजहरा - संगीत एवं लोक गीत गायन 21. कीर्ति शर्मा, बलौदाबाजार - समाजसेवा, 22. करूणा दुबे, बलौदाबाजार - समाजसेवा, 23. मीरा तिवारी, अम्बिकापुर - मानस पाठ और धर्म, 24. ए. श्रीदेवी, रायपुर - समाजसेवा 25. पृथा शर्मा, रायपुर - जन संचार 26. विद्या भट्ट, रायपुर - साहित्य लेखन, 27. सुमन पाण्डेय, रायपुर - समाजसेवा, 28. डॉ. आस्था पाण्डेय, बलौदाबाजार - शिक्षा सेवा, 29. डॉ प्रतिभा शर्मा, रायपुर - चिकित्सा सेवा, 30. तारा झा, रायपुर - संस्कार संरक्षण, 31. अनुभा द्विवेदी, रायपुर - जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण, 32. प्रभा बाजपेई तिवारी, बिलासपुर - धर्म जागरण एवं समाज सेवा 33. पूनम तिवारी, कबीरधाम - शिक्षा सेवा. सम्मानित अतिथियों का संगठन के पदाधिकारियों ने शॉल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया.

## कार्यक्रम — स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए वनमंत्री

# वनौषधि परंपरा के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : केदार कश्यप

**रायपुर, 23 मार्च।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप आज छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। यह कार्यक्रम राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर, जीरो प्वाइंट, रायपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक किरण सिंह देव, विधायक अनुज शर्मा और विधायक इंद्रकुमार साहू अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

वन मंत्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक वन संपदा से समृद्ध राज्य है, जहां लगभग 44.21 प्रतिशत क्षेत्र में वन हैं। यहां के वनों में विभिन्न प्रकार की वनौषधियां पाई जाती हैं, जिनका उपयोग प्राचीन काल से उपचार के लिए किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करने और आमजन तक इसके लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अंजय शुक्ला द्वारा उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करना एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव से औषधि पादप बोर्ड को मजबूती मिलेगी और यह नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।



समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि औषधि पादप बोर्ड द्वारा वैद्य सम्मेलन, वनौषधि प्रदर्शनी और जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि शुक्ला के मार्गदर्शन में बोर्ड और बेहतर कार्य करेगा। कार्यक्रम को विधायक किरण सिंह देव ने भी संबोधित करते हुए कहा कि शुक्ला के अनुभव का लाभ औषधि पादप बोर्ड को मिलेगा और बोर्ड नए आयाम स्थापित करेगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कि राज्य सरकार वन औषधीय के पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण और संवर्धन के लिए पादप बोर्ड का गठन किया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26